चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 57, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 14

31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 13

एक नजर

आप विधायक की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था। अदालत ने जांच एजेंसियों द्वारा बार-बार जारी समन की अवहेलना को गलत बताते हुए 11 मार्च को खान को जमानत देने से इनकार किया था।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

जम्मू। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

कांग्रेस ने की 10 प्रत्याशियों की घोषणा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश की है, जिन्हें मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। वहीं यूपी की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया है।

सलमान खान के घर के बाहर चलाई गोलियां

मुंबई, एजेंसी

- आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे।

इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

इजराइली बोला- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए ड्रोन और मिसाइलों से हमले को इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त बनाने का वादा

70 से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर

भाजपा का संकल्प पत्र

नयी दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

- बोले- देशहित के लिए यूसीसी जरूरी
- अनिश्चितता के दौर में बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है।

परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

बदायूं से शिवपाल नहीं पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ। सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है।

सपा ने जिन लोस सीटों पर नये उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें ज्यादातर पूर्वांचल की हैं। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

बागेश्वर के पास कार नदी में गिरी, 4 की मौत

शवों को निकालते एसडीआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

- मृतकों में दो सगे भाई, रविवार तड़के हुआ हादसा
- पूजा के लिए सरयू नदी का जल लेने बागेश्वर जा रहे थे चारों

अमृत विचारः बालीघाट-रीमा मोटर मार्ग पर चिड़ंग गधेरे के पास आल्टो कार के पुंगर नदी में गिरने से चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई भी हैं। ये लोग पूजा के लिए सरयू का जल लेने बागेश्वर आ रहे थे। हादसा रविवार तड़के हुआ, लेकिन लोगों को इसकी जानकारी काफी देर से हुई।

बनलेख में पूजा होना था। इसके लिए सनेती के कमल प्रसाद (26) अपनी कार से रविवार तड़के बागेश्वर रवाना हुए। रास्ते में उनके मामा के परिवार के हरीश राम के पुत्र नीरज कुमार व दीपक आर्या तथा कैलाश राम निवासी जुनाइल भी मिले। ये सब बागेश्वर से सरयू नदी का जल लेने जा रहे थे। चिड़ंग गधेरे के पास कार अनियंत्रित होकर 300 मीटर नीचे पुंगर नदी में जा गिरी, जिससे चारों की मौत हो गई। सुबह होने पर लोगों को घटना का पता चला तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। एसडीआरएफ के जवान व कोतवाल कैलाश नेगी पहुंचे तथा कार से चारों के शवो को निकाला। बैग से मिले परिचय पत्र से उनकी पहचान हुई। सभी शवों का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय में कराया गया।

पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

- लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा पर अज्ञात हमलावरों ने चलाईं गोलियां

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

पीएम मुद्रा लोन के नाम पर ठगने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना दीपक राज को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 13 मोबाइल फोन, 7 बैंक के एटीएम कार्ड, 7 सिम, आधार कार्ड और 10 डायरियां बरामद हुई हैं। ठगी की रकम से सरगना ने देहरादून में दो प्लॉट खरीदे हैं व एक गारमेंट्स की दुकान चला रहा है। बीते दिनों एसटीएफ ने साइबर ठग गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा था। इसका सरगना दीपक राज शर्मा भाग गया था। वृंदावन, मथुरा से एसटीएफ ने दीपक को पकड़ा है। उसके खिलाफ सेलाकुईं साइबर थाने में कई मामले दर्ज हैं। एसएसपी के मुताबिक दीपक उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिशुनपुर का निवासी है। 1वह देहरादून आया था। पहले वह सिक्योरिटी गार्ड बना और बाद में कॉल सेंटर में काम किया। दीपक ने प्रेमनगर में कॉल सेंटर खोला और ठगी शुरू कर दी।

- 13 मोबाइल फोन, 7 बैंक के एटीएम, 7 सिम और आधार कार्ड व 10 डायरियां बरामद

भाजपा के सीएम न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पूरनपुर

रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए सपा कार्यकर्ताओं ने बनाया था हेलीपैड
- एसडीएम और भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी को जनसभा के लिए आना था पूरनपुर

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।

टक्कर बचाने के प्रयास में बस और ट्रक पलटे, चालक समेत 19 लोग घायल

संवाददाता, खटीमा

खटीमा से घायल बस चालक, ट्रक चालक और परिचालक।

- मुख्यमंत्री धामी से मिलने चटिया फार्म जा रहे थे प्रशिक्षणार्थी

अमृत विचारः मुख्यमंत्री से मिलने चटिया फार्म जा रहे निजी संस्था के बच्चों से भरी बस और सीमेंट से भरा ट्रक टक्कर से बचने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गए। दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक, क्लीनर और संस्था की मालिक समेत 19 लोग घायल हो गए। बाद में मुख्यमंत्री व विधायक ने अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना।

रविवार को चटिया फार्म में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मीरा यूथ डवलपमेंट फाउंडेशन के प्रशिक्षणार्थियों को मिलना था। फाउंडेशन की मालिक मीरा कापड़ी के साथ प्रशिक्षणार्थी सुबह दस बजे स्कूल की बस से रवाना हुए। बस चकरपुर-पहेनिया बाईपास पर बिगराबाग पहुंची थी कि सितारगंज की ओर से आ रहा ट्रक बस के सामने आ गया। दोनों चालकों ने टक्कर बचाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए। दुर्घटना में बस चालक दलजीत सिंह, ट्रक चालक जय मेजर सिंह, हेल्पर अरमान, मीरा कापड़ी, कुमकुम, अरमान दुर्गावती, हेमा, भावना पांडे, अंजलि सामंत, योगिता बोरा, रेखा रानी, अल्फिशा, पार्वती, मिराज, पलक सक्सेना, विमला शर्मा, प्रमिला विश्वास, अंशी घायल हो गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अस्पताल पहुंचे और घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक भुवन कापड़ी ने भी अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना।

बदली जिंदगी | थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी

- डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

अमृत विचारः दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।

ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

सार-संक्षेप

भीमताल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद बच्चे व अन्य।

विधिक साक्षरता शिविर में दी घरेलू हिंसा की जानकारी

भीमताल : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तल्ला ढुंगशिल में रविवार को विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इसमें नवाब खान ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मानसिक व शारीरिक हानियों, आर्थिक हानि, पारिवारिक विघटन के साथ-साथ घरेलू हिंसा की जानकारी दी। शिविर में बच्चों के लिए भारत के संविधान के विषय में निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। शिविर में तल्ला ढुंगशिल ग्राम प्रधान मुन्ना लाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रमा पांडे, सुधा, साधना आदि मौजूद रहे।

रामनगर में पंचांग का विमोचन करते विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित अतिथि।

नव संवत्सर 2081 के पंचांग का विमोचन

रामनगर : संस्कार भारती की अखिल भारतीय चिंतन व प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक के बाद नैनीताल इकाई की ओर से प्रकाशित नव संवत्सर 2081 के पंचांग का विमोचन संस्कार भारती के अखिल भारतीय अधिकारियों ने किया। साथ ही महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को भी पंचांग भेंट कर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। विमोचन के दौरान संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मुंबई से वासुदेव कामत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अभिनेता नीतीश भारद्वाज (महाभारत के कृष्ण), संस्कार भारती के सचिव अश्विन दलवी, (जयपुर के प्रसिद्ध सितार वादक), अभिजीत गोखले संगठन मंत्री (दिल्ली), रामलला के विग्रह का चित्र बनाने वाले डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, देवेंद्र रावत क्षेत्र प्रमुख उत्तराखंड एवं मध्म प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित प्रांतीय टीम से पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

लोक गायक प्रहलाद मेहरा को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : जन जागृति सांस्कृतिक कला समिति के तत्वावधान में उत्तराखंड के कला एवं संगीत के क्षेत्र से जुड़े तमाम प्रसिद्ध बुद्धिजीवियों ने प्रख्यात लोक गायक दिवंगत प्रहलाद सिंह मेहरा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इसमें गायक को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

हल्दूचौड़ के डूंगरपुर स्थित पंचायत घर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल ने कहा कि हमने प्रदेश के प्रख्यात लोक कलाकार को खो दिया। कार्यक्रम में पहुंचे तमाम प्रसिद्ध लोक गायकों ने भी दिवंगत लोक गायक प्रहलाद मेहरा के साथ बिताए गए क्षणों को साझा कर उनके गीतों की गंभीरता एवं समाज को दिशा देने वाले उनके जज्बे को बताया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक जितेंद्र तुमक्याल, पुष्कर महर, मंगल चौहान, जीवन दानू, नवीन कार्की, नीरज जोशी, जुगल किशोर पंत, रवि नेगी, तेजा मेवाड़ी, अभय उपाध्याय, विनोद बुधानी, मंजू दानू, चित्रा अधिकारी, प्रभा कर्मियाल, नवीन टोलिया, कैलाश कुमार, नितेश बिष्ट, नीरज चुफाल आदि लोग मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि देते पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल।

काठगोदाम से छह किलोमीटर दूर घने जंगल में स्थित कालीचौड़ मंदिर में नवरात्र पर लग रहा भक्तों का तांता

निर्मल मन की हर प्रार्थना सुनती हैं मां काली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : काठगोदाम से लगभग छह किलोमीटर दूर घने जंगल में स्थित कालीचौड़ मंदिर में नवरात्र पर भक्तों का तांता लगा हुआ है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में भक्त मन्नतें लेकर मां काली के दरबार में आ रहे हैं।

आध्यात्मिक शांति को समेटे कालीचौड़ का काली मंदिर माता जगदम्बा की ओर से भक्तों के लिए अनुपम भेंट है। मां काली का यह मंदिर प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों की आराधना व तपस्या का केंद्र रहा है। हिमालयी भू-भाग में स्थित काली के समस्त मंदिरों में इसे सबसे अधिक फलदायी कहा गया है। कहते हैं कि इस मंदिर में निर्मल मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती है। मान्यताओं के अनुसार सतयुग में सप्त ऋषियों ने इसी स्थान पर मां भगवती की अराधना करके अलौकिक सिद्धियां प्राप्त की थीं। मार्कण्डेय ऋषि ने भी यहां तपस्या कर काली की कृपा प्राप्त की। गुरु गोरखनाथ, महेंद्रनाथ, सोमवारी बाबा, नान्तीन बाबा, टाटम्बरी बाबा, हैड़ाखान बाबा, पायलट बाबा आदि संतों ने इसी स्थान पर साधना करके मां कालिका से निर्मल ज्ञान की प्राप्ति की। इस प्राचीन सिद्धपीठ में सिद्धबली हनुमान, काल भैरव व शिव की मूर्तियां भी स्थापित हैं।

पौराणिक काल से अनेक कथाओं को समेटे मंदिर स्थल ऋषि-मुनियों की आराधना के पश्चात काफी समय तक गोपनीय रहा। आधुनिक समय में यह स्थान लगभग सात दशक पूर्व प्रकाश में आया। मंदिर के मुख्य पुजारी हरिदत्त शर्मा ने बताया कि वर्ष 1942 से पूर्व कोलकाता में एक भक्त को माता कालिका ने स्वप्न में दर्शन देकर कृतार्थ किया व इस स्थान पर अपनी अलौकिक शक्ति होने का भान कराया। कोलकाता के उस भक्त ने हल्द्वानी के लाला राजकुमार चुड़ीवाले से इस स्थान की खोज कराई और मां की कृपा से मंदिर रूप में स्थापित किया। मंदिर के समीप ही एक ताम पत्र निकला, जिसमें पाली भाषा में महाकाली मंदिर महात्म्य का उल्लेख किया गया है।

काठगोदाम से छह किलोमीटर दूर स्थित कालीचौड़ मंदिर। ● अमृत विचार

मां के जयकारों से गुंजायमान हुई कोसी

गरमपानी : श्रीमद् देवी भागवत कथा से कोसी घाटी का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। दुर्गापुरी धाम बेतालघाट में कथा सुनने आसपास के गांवों से रोजाना श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी है। दुर्गापुरी मंदिर में रोजाना की तरह धर्माचार्यों ने यजमान पान सिंह जलाल, चंपा जलाल, भगत रावत, बीना रावत आदि से अनुष्ठान पूरे कराए। कथा व्यास आचार्य खजान चंद्र पंत ने कथा पाठ किया। कथा सुनने को आसपास के अमेल, सेठी, चापड़, हल्सों, कौरड़, तिवाड़ी गांव, आमबाड़ी, रतौड़ा, नैनीचैक, रोपा, घोड़ियां हल्सों समेत तमाम गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। शाम को प्रसाद वितरण भी किया गया।

सरोवर नगरी में उमड़े सैलानी, जाम लगने से परेशानी

यातायात व्यवस्था चरमराई, पर्यटकों ने नौकायन और घुड़सवारी का लुत्फ उठाया, कैमरे में कैद की नैसर्गिक सुंदरता

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: ईद और वीकेंड के अवकाश के चलते सरोवर नगरी में सैलानी उमड़ पड़े। शहर में एकाएक अधिक पर्यटकों के पहुंचने से लोगों को जाम से जूझना पड़ा। होटल व पार्किंग भी फुल हो गईं।

होटल कारोबारियों का कहना है कि अधिकांश लोग सुबह आकर शाम को चले जाते हैं, जिससे होटल कारोबार पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। हालांकि रविवार को भी दिनभर सैलानियों ने विश्व विख्यात नैनी झील में नौकायन की। बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का लुत्फ उठाया, केव गार्डन, लवर्स प्वाइंट, सरियाताल आदि क्षेत्रों से नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरे में कैद किया।

रविवार को अचानक मौसम ने करवट बदली, जिसके चलते दिनभर धुंध छाई रही, जिसके चलते हल्की ठंड का अहसास भी रहा, लेकिन फिर भी हिमायल दर्शन नैनापीक आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दिनभर सैलानियों का जमवाड़ा लगा रहा।

वाहन पार्क करने को नहीं मिली जगह, सड़क किनारे खड़े किए : नगर में पर्यटकों की भारी आवाजाही के चलते पार्किंग स्थल पैक हो गए। पर्यटकों को वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं मिली तो उन्होंने सड़कों के किनारे ही वाहन पार्क कर दिए। इस कारण यातायात वयवस्था भी प्रभावित हो गई। शनिवार के बाद रविवार को भी पर्यटकों की अच्छी आमद के चलते नैनीताल के सभी पार्किंग स्थल लगभग पैक देखे गए। वहीं पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों में जैमर लगाकर चालान की कारवाई की। वहीं पंत पार्क में भी मनाही के बाद भी पुलिस के सामने ही दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क किए जा रहे हैं।

पर्यटक बढ़ने से माल रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

नैनीताल के पंत पार्क में रविवार को उमड़ी सैलानियों की भीड़। ● अमृत विचार

पर्यटन सीजन में बसों की कमी से दिक्कत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: सरोवर नगरी में वीकेंड के दौरान नैनीताल घूमकर लौट रहे पर्यटकों व अन्य लोगों को रोडवेज बस नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। चुनाव ड्यूटी में लगीं रोडवेज बसों की कमी के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

घंटों इंतजार के बाद भी बसें नहीं मिल रही हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत नैनीताल से हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों को हो रही है। काठगोदाम डिपो की बसें चुनाव ड्यूटी में लगाई गई हैं। इससे डिपो को तो चुनाव आयोग की तरफ से भुगतान किया जा रहा है, लेकिन यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। डिपो की अधिकांश बसें नैनीताल हल्द्वानी रूट पर आती जाती हैं। स्थानीय यात्री भी रोडवेज बसों के सहारे हैं। रविवार को बसों की कमी के कारण नैनीताल रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। यात्री बसों की खिड़कियों से अंतर घुसते हुए नजर आए। कुछ यात्रियों को टैक्सी में अधिक किराया देना पड़ा। बसों की कमी के चलते ऑनलाइन बस सेवा को भी बंद कर दिया गया।

अव्यवस्था

- चुनाव ड्यूटी में लगीं रोडवेज की बसें, घंटों कर रहे हैं इंतजार
- सबसे ज्यादा दिक्कत नैनीताल से हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों को

बस में चढ़ने के लिए मशक्कत करते यात्री। ● अमृत विचार

टैक्सी संचालकों ने वसूल किया दोगुना किराया

पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल में रोडवेज बसों की कमी का टैक्सी संचालक जमकर फायदा उठा रहे। नैनीताल से हल्द्वानी जाने के लिए दोगुने से अधिक किराया वसूला रहे। इस कारण नैनीताल पहुंचे पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जंगलों को आग से बचाएं

नैनीताल में जंगलों में आग की घटनाएं रोकने के लिए रैली से जागरूक करती अग्निशमन की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जंगलों में तेजी से बढ़ रहीं आग की घटनाओं को नियंत्रित करने और 1994 में मुम्बई बंदरगाह में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मियों की शहादत को याद कर अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। कर्मचारियों ने शहीद कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी।

इससे पूर्व अग्निशमन की टीम ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक किया। रैली को नैनीताल एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली तल्लीताल गांधी चौक, माल रोड, बड़ा बाजार होकर मल्लीताल अग्निशमन कार्यालय में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान एसएसओ किशोर उपाध्याय, हरनाम सिंह, अर्जुन सिंह, उमेश कुमार, अमरदीप सिंह, मो. उमर, कुलदीप कुमार, जसवीर सिंह, मोहन सिंह, राजेंद्र सिंह, आनंद गिरी, किशोर कुमार, वीरेश कुमार, हर्ष कुमार, विवेक थापा, बीना, रूपा राणा, प्रीति, मीरा, कविता सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

अब बल्दियाखान के जंगलों में धधकी आग

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बल्दियाखान के समीम जंगल में रविवार को अचानक आग लग गई, जिसकी सूचना फायर स्टेशन नैनीताल को दी गई। सूचना के बाद फायर यूनिट घटना स्थल पर पहुंची।

फायर फाइटर्स और वन कर्मियों की ओर से हाई प्रेशर पम्प से पंपिंग कर आग को बुझाया गया। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि वन निगम के 15 कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की टीम की ओर से आग को बुझाया गया।

सड़क किनारे जंगल होने के कारण आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। इस दौरान फायर सर्विस टीम के सलामत जान, जसवीर सिंह, मोहन सिंह, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

बल्दियाखान में आग बुझाती टीम।

जोखिम नैनी झील में कई पैडल बोटों में नियमों की धज्जियां उड़ाते दिखे पर्यटक

बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर रहे सैलानी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पर्यटन सीजन शुरू होते ही नैनीताल में सैलानियों की संख्या काफी बढ़ने लगी है, जिसके चलते नैनीताल की पहचान नैनीझील में लोग नौकायन का लुत्फ भी उठा रहे हैं।

वीकेंड पर रविवार को सरोवर नगरी में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान कई पैडल बोटों में पर्यटक जान हथेली में रखकर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करते नजर आए, जबकि पालिका की ओर से सख्त नियम बनाए गए हैं कि बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करते पकड़े जाने पर संबंधित नाव चालक पर सख्त कार्रवाई होगी और उसका लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है लेकिन उसके बावजूद अधिकांश नाव चालकों की ओर से नियमों को ताक में रखकर सैलानियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

नैनीताल में बिना लाइफ जैकेट पहने पैडल बोट में सवार पर्यटक। ● अमृत विचार

बोले अधिकारी

नगर पालिका की ओर से नाव संचालकों से लाइफ जैकेट के पैसे ले लिए गए हैं लेकिन उन्हें अभी तक कोई लाइफ जैकेट नहीं दी है। इससे पूर्व पालिका ने 2 साल पहले लाइफ जैकेट दी थी, जिनकी हालत अब खराब हो चुकी है। **-राम सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष, नाव मालिक समिति

जल्द ही नाव संचालकों को नई लाइफ जैकेट वितरित की जाएंगी, जो नाव संचालक बिना लाइफ जैकेट के नौकायन करवा रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी। पुरानी लाइफ जैकेटों की स्थिति अभी इतनी गंभीर नहीं है कि उन्हें इस्तेमाल नहीं किया जा सके। **-राहुल आनंद**, ईओ, नगर पालिका

सेतू निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान

गरमपानी : अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे गांवों के बाशिंदे 14 वर्ष से एक अदद मोटर पुल का इंतजार कर रहे हैं। यह हाल तब है जब माननीय पुल निर्माण का शिलान्यास भी कर चुके पर आज तक पुल अस्तित्व में नहीं आ सकी है। गांवों को जोड़ने के लिए भुजान- बोहरागांव -ज्याड़ी मोटर मार्ग का निर्माण किया जा चुका है। वर्ष 2010 में तत्कालीन लोनिवि मंत्री स्व. प्रकाश पंत, अजय भट्ट, करन माहरा ने बकायदा पुल का शिलान्यास भी कर दिया। पर आज तक पुल अस्तित्व में नहीं आ सका। रमेश नैनवाल, कुंवर सिंह, चंदन सिंह, भवान सिंह, शंकर टम्टा, रवि, प्रकाश, चंदन, प्रियांशु नेगी ने कोसी नदी पर सेतू निर्माण की पुरजोर मांग उठाई है।

सप्तमी कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

एक नजर

पुलिस ने नहीं लिखी जेब काटने की रिपोर्ट

हल्द्वानी : चोरी के मामले में पुलिस तब तक मुकदमा दर्ज करने से बचती है, जब तक चोर पकड़ में न आ जाएं। ऐसे ही दो मामलों में पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। दुर्गा कॉलोनी छोटी मुखानी निवासी गणेश चंद्र पंत ने बताया कि वह अपने छोटे भाई पूरन चंद्र पंत के साथ बीती 31 मार्च को बीमार रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। ई-रिक्शा में उनके साथ दो लड़के बैठे थे, जो कुछ दूरी पर उतर गए। जब दोनों भाइयों ने जेब चेक की तो पाया कि जेब कट चुकी है। गणेश की जेब से चार हजार और पूरन की जेब में रखे 20 हजार रुपये गायब थे। दूसरे मामले में 22 फरवरी को एसटीएच के बाहर से पीलीकोठी निवासी भुवन चंद्र पांडे की बाइक चोरी हो गई थी। सीओ सिटी नितिन लोहनी का कहना है कि बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज है। जेब काटने के मामले में मुखानी पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

एमएनए ने निर्माणाधीन गौशाला का किया निरीक्षण

हल्द्वानी : नगर निगम के आयुक्त विशाल मिश्रा ने रविवार को हल्दूचौड़ के गंगापुर कबड़वाल में निर्माणाधीन स्थाई गौशाला का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट व एई नवल नौटियाल भी मौजूद रहे। बता दें कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। शहरी क्षेत्र में जहां निराश्रित पशुओं की वजह से जाम की स्थिति बन रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में ये फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अस्पतालों की ओपीडी में बढ़े दाद-खाज के मरीज, चिकित्सकों की लोगों को धूप से त्वचा का बचाव करने की सलाह

तेज धूप और गर्मी से बढ़ रही एलर्जी की समस्या

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : इन दिनों असामान्य गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अप्रैल माह में अल-नीनो के प्रभाव से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। जिस वजह से दिन के समय तेज धूप पड़ रही है। दोपहर के समय तेज धूप की वजह से लोगों को त्वचा रोग की समस्या झेलनी पड़ रही है।

गर्मियों में आने वाले पसीने की वजह से लोगों को दाद-खाज की समस्या हो रही है। जिस कारण अस्पतालों की ओपीडी में दाद-खाज के मरीज बढ़ गये हैं। दाद-खाज की समस्या संक्रमण से भी फैल रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि गर्मियों में धूप से त्वचा का बचाव करना चाहिए नहीं तो बीमारी होने का खतरा रहता है।

ऐसे करें बचाव

- ढीले सूती वस्त्र पहनें
- जींस पहनने से परहेज करें
- दिन में दो बार नहाएं
- धूल-गंदगी वाली जगहों से बचें
- धूप में शरीर को ढककर रखें

एलर्जी से बचने को सनस्क्रीन का करें प्रयोग

अगर तेज धूप में एलर्जी हो रही है तो सनस्क्रीन क्रीम का प्रयोग करना चाहिए। किसी अच्छी कंपनी की सनस्क्रीन क्रीम लगानी चाहिए। इसके बारे में डॉक्टर से भी राय ले सकते हैं।

अपने मन से न करें कॉस्मेटिक उपचार

हल्द्वानी : चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में धूप की वजह से त्वचा पर पड़ने वाले धब्बे आदि के उपचार के लिए अपने मन से कॉस्मेटिक उपचार नहीं लें। यह कभी-कभी घातक भी हो सकता है। अगर कभी इस समस्या से जूझें तो पहले विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह लें। चिकित्सकों के अनुसार विज्ञापन के जरिए तमाम कंपनियां कई कॉस्मेटिक उत्पाद बेचती हैं। जिनमें दावा किया जाता है कि त्वचा से होने वाली परेशानी दूरी हो जाएंगी, लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता। हर व्यक्ति की त्वचा का स्वभाव अलग होता है। इसलिए किसी भी समस्या के समाधान के लिए चिकित्सक की सलाह जरूर लें।

गर्मियों में त्वचा रोग की समस्या बढ़ जाती है। कसे हुए और भारी कपड़े नहीं पहनें। सूती वस्त्रों का प्रयोग बहुत सही रहता है। साथ ही किसी भी तरह की दिक्कत होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।
-डॉ. किरन केसी, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

पहाड़ों में हल्की बारिश मैदान में चली तेज हवाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

- पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट
- रविवार को हल्द्वानी में 29 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

अमृत विचार : राज्य में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। रविवार को हल्द्वानी में तेज हवाएं चली। वहीं हवा के साथ धूल के गुबार भी उड़े। इधर, पर्वतीय क्षेत्रों में हुई हल्की बारिश से मैदानी इलाकों में तापमान में हल्की गिरावट आई है।

रविवार की सुबह से मौसम में बदलाव हो गया। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आसमान में पूरी तरह से बादल छा गए। तेज हवाएं चलने लगीं। हवा में नमी महसूस हो रही थी। पहाड़ों में बारिश की वजह से हवा के झोंकों ने मैदानी इलाकों में तापमान में हल्की गिरावट की। हल्द्वानी में रविवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान विगत दिनों की अपेक्षा सात डिग्री कम रहा। मौसम विभाग ने पहाड़ों में ओलावृष्टि, आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से मौसम सही हो जाएगा। उसके बाद तापमान में फिर से बढ़ोत्तरी हो जाएगी।

ग्रामीणों की दो टूक...पानी नहीं तो मतदान भी नहीं

करायल जौलासाल गांव में पहुंची स्वीप की टीम, ग्रामीणों ने मतदान करने की अपील को नकारा, आंदोलन पर अडिग रहने की चेतावनी

नाराजगी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी विधानसभा के करायल जौलासाल गांव में रविवार को स्वीप की टीम पहुंची और ग्रामीणों से मतदान अवश्य करने की अपील की। लेकिन ग्रामीणों ने टीम से दो टूक कहा कि जब तक गांव में पानी की सुविधा नहीं मिलेगी वे मतदान नहीं करेंगे। गांव में लगभग तीन हजार मतदाता हैं और पेयजल लाइन न होने से खासे नाराज हैं।

बता दें कि रविवार के अंक में अमृत विचार ने 20 वर्षों से नहीं मिला पानी, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए रविवार दोपहर स्वीप की पांच सदस्यीय टीम करायल जौलासाल गांव पहुंची। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आसन्न 19 अप्रैल को मतदान जरूर करने की अपील की। लेकिन ग्रामीण चुनाव बहिष्कार की बात पर अड़े रहे। उनका कहना था कि गांव के लगभग छह सौ परिवार सालों से पानी के लिए परेशान हैं लेकिन शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि हमेशा से उनकी उपेक्षा करते रहे हैं। आश्वासन देकर उनसे मतदान तो करा लिया जाता है लेकिन चुनाव के बाद कोई उनकी सुध नहीं लेता।

इस पर चुनाव स्वीप टीम ने गांव वालों से कहा कि उनकी समस्या से शासन-प्रशासन अवगत है और गांव में जल्द ही पेयजल संकट का समाधान करा लिया जाएगा। टीम के सदस्यों ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार बड़ी ताकत है लिहाजा ग्रामीण मतदान में जरूर भाग लें। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल सका है। ऐसे में ग्रामीणों ने इस लोकसभा चुनाव में मतदान न करने का मन बना लिया है और वह इस पर अडिग हैं।

करायल जौलासाल के लोगों को समझाते स्वीप टीम के अधिकारी। ● अमृत विचार

करयाल जौलासाल में पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार करते युवा मतदाता। ● अमृत विचार

03 हजार मतदाता पानी न मिलने से हैं नाराज

20 वर्षों से नहीं मिला पानी, किसी ने नहीं ली सुध

फॉरेस्ट कॉलोनी में पांच दिनों से पेयजल संकट

हल्द्वानी, अमृत विचार : यहां फॉरेस्ट कॉलोनी में बीते 5 दिनों से पानी का संकट छाया हुआ है। कॉलोनी के लोगों ने जल संस्थान की ओर से बनाए गए कंट्रोल रूम में शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन अभी तक पानी की समस्या को दूर नहीं किया गया है। रविवार को भी फॉरेस्ट कॉलोनी में रहने वाले दर्जनों परिवारों के सामने पानी का संकट बना रहा। पानी की पाइप लाइनों से लगातार पानी का रिसाव होने से लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे कालोनी वासी परेशान हैं। इसकी शिकायत लोगों ने जल संस्थान के कंट्रोल में भी की लेकिन 5 दिन बाद भी जल संस्थान की ओर से पाइप लाइन को ठीक नहीं किया गया है। इधर फारेस्ट कॉलोनी के निवासी ललित मोहन पांडेय ने बताया कि 5 दिन का वक्त बीत गया है, लेकिन अभी तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी है। इसके चलते कॉलोनी में पानी की समस्या बनी हुई है और पानी के लिए लोग निजी टैंकर खरीद रहे हैं।

कंट्रोल रूम में नहीं उठता फोन

हल्द्वानी : जल संस्थान की ओर से पानी की समस्या को लेकर शिकायत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। विभाग ने अलग-अलग इलाकों से संबंधित जल संस्थान के एई और जेई के नबंर भी उपलब्ध कराए हैं। लेकिन रविवार को समस्या को लेकर जब फोन किया गया तो जिम्मेदारों ने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा। पूर्व में भी कई शिकायतकर्ता टोल फ्री नंबरों पर फोन न उठने की शिकायत कर चुके हैं।

लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस को सत्ता में लाना जरूरी

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने रविवार को गौलापार में नुक्कड़ सभा की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को चुनौती देते हुए कहा है कि वह अपने काम और नाम के आधार पर वोट मांग कर देखें तो इस बार जनता माकूल जवाब देने को तैयार बैठी है।

गौलापार में सभा का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी ने संविधान को बचाने का संकल्प लिया। जोशी ने आगामी 19 अप्रैल को कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में ग्रामीणों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है। संविधान और लोकतंत्र खतरे में है जिसको बचाने के लिए कांग्रेस को सत्ता में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता अच्छे से समझ चुकी है। इस दौरान संजीव आर्या, इंद्र पाल आर्य, राहुल छिमवाल आदि मौजूद रहे।

चोरों ने लिखा...माफ करना चोरी तो की पर सोना नहीं मिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना चोरों की वजह से चर्चा में है। अधिक माल हाथ लगने की नीयत से ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों के हाथ सिर्फ नगदी लगी। इससे वह निराश हुए और जाने से पहले घर में रखी दो अलमारी में मकान मालिक के लिए दो अलग-अलग संदेश लिखे। एक में लिखा माफ करना चोरी के लिए और दूसरे में लिखा चोरी तो करी पर सोना नहीं मिला, माफ करना चोरी के लिए।

लोहरियासाल मल्ला गली नंबर एक ऊंचापुल निवासी प्रकाश चंद्र बहुगुणा नैनीताल बैंक से विशेष सहायक पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके दो बच्चे अन्य प्रदेशों में नौकरी करते हैं और कुछ दिन पहले ही घर आए थे। प्रकाश पत्नी व दोनों बच्चों के साथ बीती 11 अप्रैल को अपने मूल निवास पिथौरागढ़ घूमने गये थे। 13 अप्रैल की सुबह एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और कहा कि उनके दो फोन गली नंबर चार में पड़े मिले हैं। कुछ देर बाद जब इसी बात लेकर दूसरा फोन आया तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले अपने साढ़ू को फोन किया। साढ़ू, प्रकाश के घर पहुंचे तो घर के ताले टूटे पड़े थे। अंदर सामान बिखरा था और अलमीरा पर संदेश लिखे हुए थे। प्रकाश के अनुसार चोर घर से 60 हजार रुपये व चांदी के आभूषण ले गये हैं। थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



अलमारी पर लिखा चोरों का संदेश।

डीवीआर भी ले गए चोर बैंक ने बचा लिया सोना

हल्द्वानी : प्रकाश का कहना है कि उन्होंने अपने घर में सीसीटीवी लगाए हैं, लेकिन चोर जाने से पहले घर से डीवीआर भी निकालकर ले गए। वह आमतौर पर सारे जेवर और नगदी बैंक में ही रखते हैं। उनके पास नए नोटों की गड्डियां थी, इसीलिए वह उन्हें घर छोड़ गए थे। जेवर वह बैंक लॉकर में ही रखते हैं, जिसकी वजह से वह बच गए।

एक मई से वार्षिक परीक्षाएं शुरू, कक्षों की संख्या कम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में एक मई से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं, लेकिन परिसर में लोकसभा चुनाव के लिए कंट्रोल रूप स्थापित होने से कक्षों की संख्या कम हो गई है।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार एक मई से बीएससी, बीए व बीकॉम की द्वितीय, चतुर्थ व छठे समस्टर की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इन विषयों में अध्ययनरत छात्रों की तुलना में वर्तमान में कॉलेज में कक्षों की संख्या कम है। जिला निर्वाचन आयोग ने कॉमर्स व आर्ट विभागों के भवनों में चुनाव कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जिससे कॉलेज के पास कक्षों की संख्या सीमित हो गई है। वर्तमान में भी कॉलेज में वार्षिक पद्धति (बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष) की मुख्य व भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाएं चल रही हैं, जो 16 कक्षों में ही संपन्न कराई जा रही है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में चल रही परीक्षाओं में 800 से 900 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन मई में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में संख्या दोगुनी रहेगी।

चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद ही कॉलेज प्रशासन को कॉमर्स व आर्ट विभागों के परिसर वापस मिल पाएंगे। बताया कि कॉलेज के अधिकतर कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में व्यस्थ हैं, इससे भी परीक्षाएं आयोजित कराने में दिक्कतें आ सकती हैं।

मई में होने वाली परीक्षाओं में कक्षों की कमी के संबंध में विवि प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही समाधान की उम्मीद है। **- प्रो. बीएस बनकोटी**, प्राचार्य, एमबीपीजी

अवैध संबंध में घोंटा था गला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- हत्यारोपी सौरभ तक पहुंच गई थी मोहल्ले में वायरल अफसाना और उसके प्रेमी की फोटो
- शिवरात्रि के दिन कालीचौड़ में प्रेमी के साथ खींचे फोटो को देख आगबबूला था सौरभ

अमृत विचार : अफसाना की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। हत्यारोपी सौरभ को अफसाना के अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था। अफसाना और उसके प्रेमी की फोटो भी सौरभ तक पहुंच गई थी, जिसे देखने के बाद वह आग बबूला हो गया। वह आनन-फानन में हल्द्वानी पहुंचा और गला घोंट कर अफसाना को मार डाला।

सुभाषनगर रुद्रपुर निवासी सौरभ राज अपनी पत्नी अफसाना उर्फ आस्था, बेटियां अलीशा (5 वर्ष) और इबरा (3 वर्ष) के साथ यहां शिवाजी कॉलोनी में रहता था। बीती 8 अप्रैल की देर रात सौरभ ने अफसाना का गला घोंट दिया और बेटियों को लेकर फरार हो गया। जांच में सामने आया है कि अफसाना के एक युवक से प्रेम संबंध थे। दोनों शिवरात्रि के दिन कालीचौड़ मंदिर गए थे। जहां दोनों ने मोबाइल से फोटो भी ली थी। ये फोटो शिवाजी कॉलोनी में वायरल हो गई और आगरा में काम कर रहे सौरभ तक पहुंच गई। गुस्से में लाल सौरभ 8 अप्रैल की रात आनन-फानन में अफसाना के पास पहुंचा। रात करीब 12 बजे अफसाना और सौरभ के बीच जमकर विवाद हुआ। रात एक बजे सौरभ गुस्से में घर से बाहर चला गया, लेकिन एक घंटे बाद फिर लौट कर आया। जिसके बाद फिर से दोनों में झगड़ा हुआ और यह सब पड़ोसियों ने देखा। हत्या के बाद सुबह 4 बजे जब वह कमरे में बाहर से कुंडी लगाकर भाग रहा था, तब भी पड़ोसी ने उसे देखा था। मामले की जांच कर रहे एसएसआई मनोज कुमार कोठारी ने बताया कि सभी एंगल से जांच की जा रही है।

सौरभ और अफसाना का फाइल फोटो।

अफसाना हत्याकांड

बेटियों की सामने नहीं की मां की हत्या

अभी तक माना जा रहा था कि सौरभ ने अपनी नाबालिग बेटियों के सामने ही अफसाना को मार डाला। क्योंकि घटना के दिन पड़ोसियों ने बच्चों के रोने की आवाज सुनी थी। दरअसल, बड़ी बेटी सौरभ के साथ रहती थी। घटना के दिन वह उसे साथ लेकर आया और रात झगड़े के बाद दोनों बेटियों के लेकर घर से चला गया। कुछ देर बाद फिर घर लौटा और घटना को अंजाम दिया।

हालात लापता रेंजर और भाष्कर समेत दर्जनों लोग जिन्हें तलाश नहीं पाई पुलिस, बाद में मिले शव

उम्मीद थी ढूंढ लाएगी पुलिस, घर आई मौत की खबर

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जिले से लोग लापता हो रहे हैं। परिजन पुलिस के चक्कर काटते-काटते थक जाते हैं। उम्मीद रहती है कि पुलिस एक न एक दिन उनके खोया परिचित को ढूंढ आएगी, लेकिन तब आसमान टूट पड़ता है जब वही पुलिस मौत की खबर लेकर आती है। ऐसे दर्जनों लोग हैं जिन्हें पुलिस तलाश तो नहीं सकी लेकिन मौत की खबर लेकर पीड़ित के घर तक जरूर पहुंची। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ चर्चित मामलों के बारे में...

फंदे से लटकी मिली लापता फौजी की पत्नी

केस 1 **हल्द्वानी :** सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हरिपुर नायक मुखानी निवासी ललित की 45 वर्षीय पत्नी तारा देवी बीती 26 मार्च को लापता हो गई। मामले में चार दिन बाद यानि 30 मार्च को मुखानी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की, लेकिन पुलिस तारा का पता नहीं लगा सकी। 9वें दिन तारा का शव कमलुवागांजा स्थित जीएनजी ग्राउंड के पीछे नाले के किनारे खड़े अखरोट के पेड़ से लटका मिला। उसके एक पैर को जानवर खा चुके होते थे।

केस 2 सीसीटीवी में तलाशते रहे, झील में मिला रेंजर

हल्द्वानी : तराई केंद्रीय वन प्रभाग के रुद्रपुर डिवीजन में तैनात रेंजर हरीश चंद्र पांडेय का शव 14 दिन बाद भीमताल झील में मिला। वह ऊंचापुल के रहने वाले थे और 29 नवंबर 2023 को शाम घर से गश्त पर जाने की बात कहकर निकले थे। मुखानी पुलिस उन्हें जहां-तहां सीसीटीवी में देखती रही और भीमताल झील तक पहुंची, लेकिन तलाश नहीं पाई। इस मामले में वन विभाग के कुछ अधिकारियों पर सवाल भी खड़े हुए थे। पता लगा वह तनाव में थे।

दो दिन से लापता था, फिर नदी में मिला शव

केस 3 **हल्द्वानी :** 26 अगस्त 2023 को नई बस्ती काठगोदाम निवासी विनोद चंद्र तिवारी लापता हो गए थे। घर से कई किलोमीटर दूर दो दिन बाद 28 अगस्त की देर शाम गौला नदी में एक शव मिलने की सूचना मिली। बनभूलपुरा पुलिस ने शव बरामद किया। जिसकी पहचान विनोद चंद्र तिवारी के रूप में हुई। पुलिस की शुरुआती जांच में यह भी पता चला कि विनोद मानसिक रूप से परेशान थे। उनका इलाज भी चल रहा था।

डेढ़ माह बाद मिला नवीन का आधा शव

केस 4 **हल्द्वानी :** भीमताल के भदूनिया गांव निवासी नवीन चंद्र पलड़िया (22 वर्ष) पुत्र नित्यानंद बीएससी का छात्र था। बीती 24 जनवरी को वह घर से बरेली जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन न तो बरेली पहुंचा और न लौटकर घर आया। 12 मार्च को उसका शव काठगोदाम थाना क्षेत्र के रानीबाग स्थित गुलाबघाटी के पास सड़क किनारे सड़ी-गली हालत में मिला। शव के कमर से नीचे का हिस्सा गायब था। पास ही हाथ-पैर के कंकाल पड़े मिले थे।

ये भी लौट के कभी नहीं आए

- मल्लीताल पिलग्रिम लॉज निवासी नासिर टूरिस्ट गाइड था। 20 जुलाई 2023 से लापता था और पांच दिन बाद नैनी झील में मरा मिला।
- तल्लीताल कृष्णापुर निवासी सनी वाल्मीकि 19 नवंबर 2022 को लापता हुआ। उसका शव बलियानाला क्षेत्र में खाई से बरामद हुआ।
- वर्ष 2022 में होली के दिन बाद लापता हरिनगर निवासी राहुल कुमार का शव 29 मार्च को तल्लीताल डांठ में मिला।
- 16 जून 2022 को नारायण नगर नैनीताल निवासी 17 वर्षीय किशोरी लापता हुई। उसका शव घर से 6 किमी दूर मिला।
- भीमताल सौन गांव निवासी अभिषेक ब्रजवासी और करन सिंह बिष्ट 21 अप्रैल को लापता हुए। दोनों का शव अगले दिन कलसा नदी में चट्टानों के बीच फंसा मिला।
- कोटली ओखलकांडा निवासी 17 वर्षीय युवती 17 सितंबर 2023 को लापता हुई। घर से मिट्टी लेने निकली किशोरी कई दिन बाद जंगल में सड़ी-गली हालत में मिली।

दिल्ली के पर्यटकों की कार पलटी, चार घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : नैनीताल घूमकर लौट रहे पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में चार पर्यटक घायल हो गये। रविवार को कालाढूंगी-नैनीताल रोड में नगर से करीब दो किलोमीटर दूर लाल मिट्टी के पास बने स्पीड ब्रेकर के पास ई-47 मोहन गार्डन उत्तम नगर वेस्ट द्वारका दिल्ली के पर्यटकों की वैगनार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

हादसे में रोहित कपूर, याशिका पटियाल व प्रत्यूष ठाकूर को मामूली चोटें आई हैं, जबकि सत्या देवी को कंधे पर गंभीर चोट लगी है। वहीं अंजू ठाकुर को चोट नहीं आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां से सत्या देवी को हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। चालक रोहित ने बताया कि ब्रेक न लगने से हादसा हुआ।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

हल्द्वानी में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

मंगल पड़ाव स्थित आम्बेडकर पार्क से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत थे डॉ. आंबेडकर

133वीं जयंती पर युवा जाटव समाज एकता आंबेडकर मिशन की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा, अनेक स्थानों पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर नगर में भव्य शोभयात्रा निकाली गई। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

रविवार को युवा जाटव समाज एकता आंबेडकर मिशन की ओर से निकाली गई शोभयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में मुख्य रूप से रथ पर डॉ. आंबेडकर के प्रतीक के रूप में संविधान के साथ एक व्यक्ति को बिठाया गया। यात्रा आंबेडकर नगर बरेली रोड से शुरू होकर प्रेम टॉकीज, राजपुरा होते हुए तिकोनिया पहुंची, जो डिग्री कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, संजय सागर, प्रदीप सागर, डेविड, मनोज जाटव, जितेंद्र सागर, मोहित सागर, दीपू धर्मवीर, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार, विजेंद्र सागर, अरुण सागर, दीपक कुमार, राधे लाल, वनवारी सागर, मदनलाल, मोहन एडवोकेट गंगा प्रसाद, नवल आर्या रहे। तिकोनिया चौराहे पर शोभायात्रा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर पुष्प वर्षा की। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, गोविंद बिष्ट, मीमांशा आर्या, राधा आर्य, विनोद कुमार पिन्नू ,चंदन कनोजिया, जगदीश चन्द्र, राजेन्द्र लाल, इंद्रपाल आर्य, अनिल कुमार मौजूद रहे।

इधर, दमुवाढूंगा स्थित आंबेडकर पार्क में डॉ. आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। यहां निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, रेनू अधिकारी, किशोर जोशी, अरुण कुमार, भुवन आर्य, दिनेश आर्य, अरुण कुमार, हृदयेश कुमार, महेश जोशी, नीरज बिष्ट, हेमंत बगड़वाल, वीरेंद्र बिष्ट, मुकेश आर्य मौजूद रहे। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने डॉ. आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यहां एसटीएच एमएस डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. भावना श्रीवास्तव, डॉ. साधना अवस्थी, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. हरिशंकर पांडे, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य अनिता अधिकारी, रवि पाल, आलोक उप्रेती, रवि कुमार मौजूद रहे। उधर, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, अनिल खंडेलवाल, जगमोहन चिलवाल, राजकुमार केसरवानी, आफताब हुसैन, अजय कृष्ण गोयल, घनश्याम वर्मा, भुवन दर्मवाल, जेडए वारसी, बृज मोहन सिजवाली, मनोज शर्मा, घनश्याम बिष्ट, रमेश चंद्र उपाध्याय, देवेंद्र मेर, उमेश बेलवाल थे।

तिकोनिया चौराहे पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते विधायक सुमित हृदयेश व अन्य।

दमुवाढूंगा में जयंती मनाते निर्वतमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र रौतेला व अन्य। ● अमृत विचार

विधायक कैड़ा ने दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने रामगढ़ ब्लॉक के भियालगांव में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कैड़ा ने कहा डॉ. आंबेडकर ने शोषित, वंचित और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए अविस्मरणीय काम किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित पांडेय, जगदीश चंद्र हरीश शर्मा, हरेंद्र बिरोड़िया, विनोद पांडेय, कुंदन लटवाल थे।

रामनगर में याद किए गए डॉ. आंबेडकर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : नगर में अलग-अलग स्थानों पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर में रेवी राम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में में मदन राम शिल्पकार व निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मो. अकरम ने भवानी देवी को सम्मानित किया।

इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित तिवारी, दयाल राम,अमित कुमार, भाजपा नेता शिशुपाल रावत, भीम भास्कर, राजपाल शाह, ज्ञान सागर,परमेश्वरी देवी, लाल चंद्र माझी मौजूद रहे। उधर कांग्रेस चुनाव कार्यालय में में भी जयंती पर कार्यक्रम हुआ। मौके पर पूर्व विधायक रणजीत रावत, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा कमेटी, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, लीलाधर जोशी, वीरेन्द्र लटवाल, उमाकांत ध्यानी, बाली राम, महेश पांडेय, कमल नेगी, मो अजमल, धीरज सती, जावेद खान, मो मुजीब आदि मौजूद रहे। वहीं राजकीय महाविद्यालय मालधन में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें अंबेडकर के जीवन दर्शन पर व्यापक चर्चाएं की गईं।

रामनगर में आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते अतिथि ● अमृत विचार

पंत पार्क से आंबेडकर भवन तक निकाली रैली

नैनीताल, अमृत विचार : सरोवर नगरी नैनीताल में डॉ. आंबेडकर की जयंती पर धूम रही। शिल्पकार सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत शहर के स्कूली बच्चों ने पंत पार्क से आंबेडकर भवन तक रैली निकाली। आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। शिल्पकार सभा के कार्यकारी सदस्य बच्ची चन्द्र ने बताया कि कार्यक्रम में नैनीताल विधायक सरिता आर्य विधायक और पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण विशिष्ठ अतिथि रहे। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने बाबा साहब के जीवन पर आधारित नाटक, भजन और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रस्तुति दी। इस दौरान शिल्पकार सभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रकाश, संजय कुमार, बंटू आर्य, राजेन्द्र लाल, कैलाश अगरकोटी, अनिल गोरखा, संतोष कुमार, इन्द्र कुमार, विनोद, करन, विजय, धमेन्द्र, जितेन्द्र, सुरेश, गोपाल रावत, त्रिभुवन फर्तियाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कालाढूंगी में आंबेडकर जयंती की धूम

संवाददाता, कालाढूंगी/लालकुआं

अमृत विचार: नगर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती विभिन्न संगठनों की ओर से धूमधाम से मनाई गई। रविवार को भारतीय अनुसूचित जाति तथा शोषित वर्ग उत्थान समिति, भाजपा कार्यकर्ताओं व डॉ. आंबेडकर एकता फाउंडेशन के सदस्यों ने वार्ड नंबर 2 में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। एकता फाउंडेशन की ओर से गुलजारपुर से कालाढूंगी तक बाइक रैली झांकी निकाली गई। मुख्यअतिथि आरएन दोहरे व सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार ने डॉ. आंबेडकर को संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक बताया। इस दौरान अध्यक्ष जगदीश चंद्र, मदन टम्टा, जोगेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, आनंद राम, नंदराम, अतीक अहमद,अली हुसैन, तेजेंद्र टम्टा, दीवान पंडित, मोहन राम पूर्व प्रधान, सुंदरलाल, गंगा प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

कालाढूंगी में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

वहीं लालकुआं के संजय नगर बिन्दुखत्ता स्तिथ अंबेडकर पार्क में डॉ.अंबेडकर का स्मरण किया गया। इस अवसर पर विशाल भीम भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार, मुख्य अतिथि बिहारी लाल, प्रताप राम, ठाकुर राम, श्यामा प्रसाद, ललित कोहली, लक्ष्मण धपोला, कुंदन कोहली, कमला टम्टा, पुष्पा आर्या, बिंदु गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं गांधीनगर वार्ड नंबर 2 में स्थित अंबेडकर पार्क में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माला अर्पण कर बाबा भीमराव के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

रामनगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेते अग्निशमन कर्मी। ● अमृत विचार

मुंबई में शहीद 66 अग्निशमन कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

रामनगर : अग्निशमन कर्मियों ने मुंबई में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई के डॉकयार्ड बन्दरगाह में विस्फोटक पदार्थों से भरे जहाज में भीषण अग्निकांड की घटना घटित हुई थी। इसमें अग्निशमन विभाग के 66 अधिकारी व कर्मचारी अग्निशमन कार्य करते हुए शहीद हुए थे। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 14 से 20 अप्रैल तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" के रूप में मनाया जाता है। अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाईं के नेतृत्व में फायर स्टेशन में शहीद फायर सर्विस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी व स्टेशन के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में प्रचार के लिए अग्निशमन वाहनों को रवाना किया गया।

रैली निकालकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत रविवार को अग्निशमन विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को आग से बचाव के तरीके बताए।

रविवार से अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत हो गई है। सीएफओ गौरव किरार, एफएसओ मनिंदर पाल सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने परेड फॉलिंग कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई। कोतवाली से एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। दमकल अधिकारियों व कर्मियों ने लोगों को पोस्टर व पंपलेट बांटकर हादसों से बचाव, रोकथाम और जरूरत पड़ने पर आपातकालीन सेवाओं की जानकारीदी। सीएफओ ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में डॉक यार्ड बंदरगाह पर हुए अग्निकांड में अग्निशमन विभाग के 66 अधिकारी व कर्मी शहीद हो गए थे। शहीदों की याद में हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

हल्द्वानी फायर ब्रिगेड की ओर से आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी सिटी प्रकाश चंद। ● अमृत विचार

तैयारी 13 मई से शुरू होने जा रही आदि कैलाश यात्रा, अभी तक 240 श्रद्धालुओं ने करवाया रजिस्ट्रेशन

पहली बार श्रद्धालु टनकपुर से करेंगे आदि कैलाश की यात्रा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : भगवान शिव के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम इस बार 13 मई से आदि कैलाश यात्रा शुरू करने जा रहा है। निगम के महाप्रबंधक संदीप तिवारी ने बताया कि आदि कैलाश यात्रा के लिए 15 ग्रुप बनाए गए हैं।

यात्रा 13 मई से 14 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। कुमाऊं मंडल पहली बार टनकपुर सड़क मार्ग से भी यात्रा आयोजित करवा रहा है, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अब तक यात्रा का मार्ग काठगोदाम, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ होते हुए आदि कैलाश तक जाता था। इस बार निगम टनकपुर मार्ग से भी यात्रा आयोजित करवा रहा है।

ऑल वेदर रोड मार्ग से यात्रा का आयोजन होगा। टनकपुर मार्ग से आदि कैलाश जाने में यात्रियों को कम समय लगेगा। आदि कैलाश यात्रा के लिए अभी तक 240 श्रद्धालुओं ने कुमाऊं मंडल विकास निगम में रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसमें टनकपुर से आदि कैलाश के लिए पांच बुकिंग हुई हैं। पिछले साल 315 श्रद्धालुओं ने आदि कैलाश की यात्रा की थी। केएमवीएन के महाप्रबंधक डॉ संदीप तिवारी ने बताया कि इस साल पहली बार टनकपुर की तरफ से भी आदि कैलाश यात्रा शुरू हो रही है। 13 मई से शुरू हो रही आदि कैलाश यात्रा को सफल बनाने के लिए निगम की तरफ से तैयारियां पूरी हो गई हैं।



पांच दिन में पूरी होगी यात्रा, तीन दिन बचेंगे

कुमाऊं मंडल विकास निगम की काठगोदाम से आदि कैलाश की यात्रा आठ दिन में पूर्ण होती है। इससे श्रद्धालुओं को कैंची, जागेश्वर, पाताल भुवनेश्वर समेत अन्य मंदिरों के भी दर्शन कराए जाते हैं लेकिन पहली बार इस साल टनकपुर से सड़क यात्रा से श्रद्धालु चंपावत, पिथौरागढ़ होकर आदि कैलाश की यात्रा पांच दिन में कर पाएंगे। टनकपुर से यात्रा करने पर तीन दिन का समय बचेगा।

यात्रा को हेली सेवा से भी जोड़ा

आदि कैलाश यात्रा को पहली बार हेली सेवा से भी जोड़ा गया है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के निर्देश पर एक अप्रैल से श्रद्धालु पिथौरागढ़ होते हुए आदि कैलाश, ओम पर्वत के दर्शन हवाई सेवा से कर रहे हैं। हवाई सेवा शुरू होने से यात्रियों को काफी राहत मिल रही है और एक हफ्ते में पूरी होने वाली यात्रा को लोग एक दिन में पूराकररहे हैं।

माफिया का तांडव, दर्ज नहीं की रिपोर्ट

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: तराई पश्चिमी वन प्रभाग की अवैध खनन रोकने की कार्रवाई पर ऊधमसिंह नगर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। शनिवार दोपहर बाजपुर क्षेत्र में खनन माफिया की गुंडागर्दी पर पहले बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, अब गुलजारपुर वन चौकी में घुसकर फायरिंग कर खनन का वाहन छुड़ा ले जाने के मामले में कुंडेश्वरी चौकी पुलिस भी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। वन चौकी में खनन माफिया की फायरिंग के बाद खाली खोखे पुलिस को बरामद कराने के बाद भी पुलिस कार्रवाई से हिचक रही है। प्रभाग के डीएफओ ने पुलिस के रवैये के खिलाफ नाराजगी जताई है।

इस मामले में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के गुलजारपुर बीट के वन बीट अधिकारी तेजपाल की ओर से शनिवार रात को ही कुंडेश्वरी पुलिस चौकी में तहरीर दे दी थी। तहरीर के अनुसार रात 11.30 बजे 20 से 25 हथियारबंद लोग दीवारें फांदकर गुलजारपुर वन चौकी में घुस गए थे। इन लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर धमकी दी। भयभीत वनकर्मियों ने वन चौकी के भीतर घुसकर जान बचाई। हमलावरों ने बाहर से दरवाजों में कुंडी लगा दी और गेट का ताला तोड़कर जब्त किया ट्रैक्टर भगा ले गए। बीट अधिकारी ने हरिकेश, जगदीश, सोनू सिंह, कुलदीप सिंह निवासी ग्राम गोबरा तहसील बाजपुर, गुरमीत सिंह, बलजीत सिंह, सूरज सिंह निवासी गांव अमीरचंद टांडा बाजपुर को नामजद कर अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

बरामद खोखे। ● अमृत विचार

> देवघाट में अवैध खनन के आरोपियों के हमले की रिपोर्ट भी बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस ने दर्ज नहीं की। इसी तरह गुलजारपुर वन चौकी में रात में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर वनकर्मियों को धमकाने और वाहन ले जाने की कुंडेश्वरी चौकी पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है, जबकि वनकर्मियों ने पुलिस को माफिया की फायरिंग के बाद गोलियों के खाली खोखे भी बरामद कराए हैं। -पीसी आर्या, डीएफओ, तराई पश्चिमी वन प्रभाग

सार-संक्षेप

रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।

चैती छठ पर डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हल्द्वानी : पूर्वांचल समाज के लोगों ने रविवार को रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर चैती छठ मनाया। समाज के लोग कहां चाहिए बस के बहंगिया दौरा लचकत जाए...गीत गाते हुए छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां साढ़े छह बजे डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर छठ पूजा के अध्यक्ष कृष्णा साह, शंकर भगत, बीरू पंडित, ओमप्रकाश शाह, जयप्रकाश शाह, हरेंद्र साह, हरिंदर शाह, राम अवतार आदि मौजूद रहे।

20 विषैले सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ा

रामनगर : सर्प विशेषज्ञ चंद्र सेन एवं उनके सहयोगियों ने नगर एवं ग्रामीण अंचलों की आबादी से दो दिन में 20 विषैले सर्प पकड़कर उन्हें जंगलों में आजाद किया। चन्द्र सेन ने बताया कि पकड़े गए सर्पों में 16 विषैले कोबरा, एक चिकिड किल वेग, दो रेड वुल्फ सांप व एक रसलस वाइपर को पकड़कर आजाद किया। सर्प विशेषज्ञ चंद्र सेन ने बताया कि गर्मियों में जमीन से सांपों का निकलना आम बात है, लेकिन सांप देखकर घबराना नहीं चाहिए और न ही उन्हें मारना चाहिए। बस सांप पर नजर रखते रहिये और हमें सूचित कर दें। हमारी टीम मौके पर पहुंच जाएगी। सांपों को जंगलों में छोड़ने के दौरान तराई पश्चिमी के रेंज अधिकारी जेपी डिमरी, कोसी रेंज के अधिकारी शेखर तिवारी, वन दरोगा विरेंद्र पांडे का बराबर सहयोग मिल रहा।

एक चिंगारी कर सकती है जंगल को तबाह

रामनगर : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के तहत सावल्दे पूर्वी गांव में रविवार को आग से वनों की सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. शालिनी जोशी ने कहा कि जंगल में लकड़ी बीनते या घास बटोरने के दौरान बीड़ी सिगरेट का प्रयोग न करें। एक चिंगारी न केवल पूरे जंगल को तबाह कर देगी बल्कि वन्य जीवों के जीवन को भी संकट में डाल देगी। ईडीसी ग्राम सावल्दे पूरब गांव के ग्रामीणों को मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनीकरण के विषय में भी जागरूक किया गया। बैठक में ग्रामीणों को वन अग्नि सुरक्षा तथा वनों के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान भानु प्रकाश हर्बोला वन क्षेत्राधिकारी ढेला, कमल रावत ईडीसी अध्यक्ष सावल्दे पूरब, भूपाल सिंह ग्राम सावल्दे पूरब, सिद्धार्थ रावत वन दरोगा, होरीलाल वन दरोगा आदि मौजूद रहे।

एचसीसी ए ने वेंडी को चार विकेट से हराया

हल्द्वानी : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अगुवाई में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग का आयोजन जीएनजी क्रिकेट मैदान में हुआ। जिसमें वेंडी क्रिकेट एकेडमी और एचसीसी ए की टीम के बीच मुकाबला हुआ। वेंडी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी एचसीसी ए की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 35वें ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। टीम की ओर से चंद्रभान सिंह ने 41 रन का योगदान दिया।

चिल्ड्रन पार्क में हुई बैठक में मौजूद साथी संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हर रविवार को योग दिवस मनाएंगे

हल्द्वानी : साथी संगठन की एक बैठक रविवार को चिल्ड्रन पार्क में हुई। जिसमें पिछले माह किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही कोषाध्यक्ष ने संस्था के आय-व्यय की जानकारी दी। इस दौरान सदस्यों ने माह में प्रत्येक रविवार को योग दिवस, एक दिन स्वच्छता दिवस मानने पर चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष आनन्द सिंह ठठोला, डीडी शर्मा, लक्ष्मण सिंह गौनिया, लीलाधर पांडेय, मोहन सिंह महरा, रेशम चन्द्र पांडेय, जेएस खोलिया, आरएस बोरा, वीरेन्द्र सिंह भाकुनी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, भगवंत सिंह राना, आनन्द सिंह रावत, योगेन्द्र पांडेय मौजूद रहे।

इन्हें अपने देश की चक्की का आटा भी नसीब नहीं

नेपाल से लगे थपलियालखेड़ा के ग्रामीणों को आज भी चारागाह के नाम पर अदा करना पड़ता है टैक्स

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

अमृत विचार: नेपाल सीमा से लगे चम्पावत के दूरस्थ और उपेक्षित गांव थपलियालखेड़ा के ग्रामीणों को देश की आजादी के बाद भी चारागाह के नाम पर वन विभाग को प्रतिमाह 50 रुपया कर अदा करना पड़ रहा है। तीन ओर से नेपाल सीमा से लगे इस गांव के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां तक कि सैलानीगोठ ग्राम पंचायत की इस वन भूमि में रहने वाले 40 परिवारों के करीब 300 लोगों को तो अपने देश की चक्की का आटा भी नसीब नहीं है। गेहूं पिसाने के लिए वे नेपाल के मटेना गांव पर आश्रित हैं। बिजली न होने के अलावा डीजल से चक्की पर आने वाले अधिक खर्च के चलते कुछ समय पूर्व यहां की चक्की को बंद कर दिया गया।

बरसात के दिनों में नदी नालों के ऊफान में होने से मानो इस गांव की जिंदगी ही थम जाती है। इस दौरान यहां के ग्रामीणों को नेपाल की सुविधाए लेनी पड़ती है।

पांचवीं से आगे की पढ़ाई के लिए गांव के छोटे बच्चे टनकपुर 6 किमी की दूरी लांघते हैं। पढ़ाई ही नहीं, दवाई के लिए भी टनकपुर जाने की बेबसी है। वहीं सरकारी सस्ते गल्ले के लिए भी लंबा फासला तय कर सैलानीगोठ जाना पड़ता है। प्यास बुझाने के लिए ग्रामीणों ने खुद के हैंडपंप लगाए हैं। गांव के लोग कहते हैं कि उत्तराखंड बनने के बाद एक प्राइमरी स्कूल, सौर ऊर्जा वाली बिजली के अलावा सौर ऊर्जा पर आधारित ट्यूबवैल हमारी समग्र पूंजी है। वन भूमि होने की वजह से गांव में विकास प्रभावित हो रहा है। इसके चलते सरकारी योजनाओं का लाभ कम मिल पा रहा है। वैसे भी टेड़े-मेड़े रेतीले रास्ते के बीच टनकपुर बैराज होते हुए गांव तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है।

भारत-नेपाल सीमा के नो मैंस लैंड पर खड़ा पिलर। ● अमृत विचार

नेपाल सीमा के बीच घिरा चम्पावत जिले का उपेक्षित थपलियालखेड़ा गांव।



कई बार दे चुके हैं वोट

नेपाल सीमा से लगे इस गांव के लोग उत्तराखंड में ही अब तक विभिन्न चुनावों में कई बार मतदान कर चुके हैं। लेकिन फिर भी उनकी और उनके गांव की तस्वीर नहीं बदली। विधानसभा में (2002, 2007, 2012 2017, 2022में दो बार), चार बार लोकसभा (2004, 2009, 2014 और 2019) और चार बार पंचायती चुनाव (2003, 2008, 2014 और 2019) में यहां के ग्रामीण वोट दे चुके हैं। वर्तमान में इस गांव में 126 मतदाता हैं।

चुनाव बहिष्कार का मन बना रहे हैं ग्रामीण

गांव के मुखिया 74 वर्षीय मोहन सिंह कहते हैं कि हमें जो चाहिए वो तो आज तक नहीं मिला। लेकिन नेता विकास के वादे कर वोट झटक लेते हैं। मुखिया जी कहते हैं कि यहां आने वाले नेता वोटों की खातिर झूठ बोलने से भी गुरेज नहीं करते हैं। एक नेताजी ने यहां के मंदिर में कसम खाई कि जीतने के बाद दो दिन के भीतर गांव में बिजली पहुंचा देंगे लेकिन बिजली आज तक नहीं आई। उन्होंने कहा कि गांव की उपेक्षा से क्षुब्ध ग्रामीण 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान न करने का मन बना रहे हैं।

8,00,119 मतदाता चुनेंगे 'माननीय'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद नैनीताल में मतदाताओं की अंतिम सूची जारी हो गई है। नई सूची के मातबिक जिले में 1877 मतदाता बढ़े हैं। इनमें 955 पुरुष, 888 महिला मतदाता शामिल हैं। अब जिले में 8,00,119 मतदाता संसदीय चुनाव में हिस्सा लेंगे।

नैनीताल संसदीय सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। अब सिर्फ तीन दिन का समय शेष रह गया है। जिला प्रशासन की चुनाव तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद से 1 अप्रैल तक जनपद में मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। पूर्व में जिले में 414702 पुरुष, 3,83,558 महिला मतदाता थे। निर्वाचन विभाग के नए आंकड़ों के अनुसार, पुरुषों की संख्या बढ़कर 4,15,657, महिलाएं 3,84,446 हो गई है। इस तरह जिले में 800119 मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें नैनीताल, भीमताल, हल्द्वानी, कालाढूंगी, लालकुआं नैनीताल संसदीय और रामनगर विधानसभा सीट के मतदाता गढ़वाल सांसद का चुनाव करेंगे।

51 .94 प्रतिशत पुरुष | **48** .05 प्रतिशत महिला | **.1** प्रतिशत ट्रांसजेंडर

955 पुरुष

888 महिलाएं

विधानसभा सीट वार मतदाताओं की संख्या

सीट	पुरुष	महिला	ट्रांसजेंडर	कुल
लालकुआं	65245	60756	2	126003
भीमताल	55767	47654	–	103421
नैनीताल	58432	52251	–	110683
हल्द्वानी	80772	75261	7	156040
कालाढूंगी	92711	89338	6	182055
रामनगर	62730	59186	1	121917
योग	415657	384446	16	800119

(नोट :– इसमें 5344 सर्विस मतदाता शामिल नहीं है।)

सर्विस और दिव्यांग मतदाता बढ़ गए

नई गणना के बाद सर्विस मतदाताओं की संख्या 5342 से बढ़कर 5344 हो गई। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6058 से बढ़कर 6090 हो गई है। इनमें सर्विस मतदाता पोस्टल बैलेट और दिव्यांग मतदाता पहली बार घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं।

सार-संक्षेप

मल्लीताल बाजार में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीमताल में किया जनसंपर्क

भीमताल : भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल बाजार में प्रचार कर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट मांगे। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री सुश्री भावना मेहरा, अखिलेश सेमवाल, कार्तिक कनार्टक, जया बोरा, बीना देवरी, रजनी बोरा, गीता रावत, दीपशिखा बिष्ट, जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवांशु जोशी आदि मौजूद रहे। वहीं थपलिया महरागांव सिलोटी बूथ संख्या 141 के बूथ अध्यक्ष विनोद कर्नाटक के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रचार प्रसार किया। इस दौरान पूर्व जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट राहुल जोशी, मंडल उपाध्यक्ष भुवन भट्ट, नौल के बूथ अध्यक्ष गोपाल साह, बीएलए पीडी दुम्का, कमल बृजवासी, पवन उप्रेती, पूरन बृजवासी आदि लोग शामिल हुए।

लालकुआं में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता।

नगर कांग्रेस कमेटी ने तेज किया जनसंपर्क

लालकुआं : नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रचार अभियान व जनसंपर्क तेज कर दिया है। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में जनसंपर्क रैली निकालकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान की अपील की। कार्यकर्ता शाम 5 बजे पार्टी कार्यालय निकट पोस्ट ऑफिस के समीप एकत्र हुए। जहां से नगर में जनसंपर्क रैली निकालकर पार्टी का प्रचार किया। जुलूस नगर के भ्रमण के बाद लाइनपार संजय नगर आदि क्षेत्र से होकर वापस पार्टी कार्यालय पर पहुंचा, जहां नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। जनसंपर्क रैली में नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, राजेंद्र सिंह खनवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, गोपी गर्ग, महामंत्री फिरोज खान, वरिष्ठ कांग्रेसी रवि शंकर तिवारी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

घर-घर संपर्क करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

प्रियंका की जनसभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित

रामनगर : प्रियंका गांधी की जनसभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। रविवार को पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में नगर एवं ग्रामीण हल्कों में कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साह के साथ सड़कों पर उतरे। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चोरपानी, छोई, कनिया के अलावा नगर क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चलाया। किशोरी लाल के नेतृत्व में मालधन में जनसम्पर्क चलाया गया। मो. अकरम, विनय पडलिया, देवेंद्र चिलवाल ने खताड़ी क्षेत्र में जनसम्पर्क किया तो नरेश कालिया के साथ कार्यकर्ता पीरूमदारा में जमे रहे। इसके अलावा जनसम्पर्क अभियान में भुवन चंद शर्मा, नवीन सुनेजा, ललिता उपाध्याय, धीरज मोलेखी, गिरीश बिष्ट, धीरज सती, पंकज पांडे रहे।

विकास की सोच रखने वाला दल है कांग्रेस

भीमताल : पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होंने बताया कि वह कांग्रेस के लिए पिछले कई दिन से प्रचार कर रहे हैं। भीमताल में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा से जनता त्रस्त है, जिसके चलते कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी भारी मतों के अंतर से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि विकास की सोच रखने वाली पार्टी कांग्रेस है जिसके चलते आम जनता से कांग्रेस को खासा समर्थन मिल रहा है।

नैनीताल जिले में ईवीएम कमिशनिंग पूरी

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 में जनपद की सभी छह विधानसभा सीटों पर ईवीएम की कमिशनिंग शत-प्रतिशत पूरी हो गई है। इसी के साथ जिले में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों एवं वाहन चालकों के पोस्टल बैलेट्स एवं इलेक्शन ड्यटी सर्टिफिकेट का काम पूरा कर लिया है। नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि जनपद में ईवीएम कमिशनिंग पूरी हो गई है। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के अंतर्गत (नैनीताल, हल्द्वानी, कालाढूंगी, लालकुआं, भीमताल) 1311 बैलेट यूनिट, 1311 कंट्रोल यूनिट, 1380 वीवीपैट की कमिशनिंग की गई। इसमें से 1242 बैलेट यूनिट, 1059 कंट्रोल यूनिट व 1275 वीवीपैट कमिशनिंग के बाद सही रही। वहीं, 17 बैलेट यूनिट, 252 कंट्रोल यूनिट, 61 वीवीपैट खराब हो गईं, जिन्हें रिजेक्ट कर दिया गया है।

कौमी एकता का गुलदस्ता है खटीमा

चटिया फार्म में भाजपा की जनसभा में अभिवादन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चटिया फार्म इंटर कॉलेज में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। लोहियाहेड रोड से मोटर साइकिल रैली के रुप में कंजाबाग चौराहे तक खुली जीप में रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सांसद प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगे। चटिया फार्म में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खटीमा कौमी एकता का गुलदस्ता है। इस दौरान बीएसपी के पूर्व विधायक प्रत्याशी रमेश राणा एवं कांग्रेस नेता सगीर अहमद ने बीजेपी की सदस्यता ली। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दान सिंह रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, विक्रम भट्ट, देवेंद्र चंद, किशन सिंह किन्ना, संजय पिलखवाल उपस्थित थे।

पूर्व महानगर अध्यक्ष व पार्षद ने लगाए आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कांग्रेस से निष्कासित हुए पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा और पार्षद रमेश कालड़ा ने जिला और महानगर अध्यक्ष पर कई आरोप लगाए हैं।

रविवार को पूर्व अध्यक्ष तनेजा और पार्षद कालड़ा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर लोकसभा, विधानसभा, निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को हराने का आरोप लगाया है। वर्तमान में लोकसभा प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने की रणनीति होनी चाहिए थी। मगर अनुशासनहीनता का आरोप लगाकर पार्टी से निष्कासित करना न्याय संगत नहीं है। बावजूद वह कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करते रहेंगे, जबकि उन्हें पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। इधर, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि तनेजा और कालड़ा पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे, कार्यकर्ताओं को पार्टी छोड़ने के लिए उकसा रहे थे। इसके सबूत भी हैं। इसकी रिपोर्ट बनाकर हाईकमान को भेजी गई थी, इसके बाद उन्हें छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। वहीं, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने बताया कि उनके महानगर अध्यक्ष बनने के बाद से ही पूर्व महानगर अध्यक्ष द्वेष भावना से ग्रसित थे और चुनाव में कांग्रेस को कमजोर कर रहे थे। उनके द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं और पार्टी अब ऐसे कार्यकर्ताओं को कोई स्थान नहीं देगी।

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश महाशक्ति बनने की ओर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने रविवार को बच्ची नगर ग्राम सभा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों से जनता प्रसन्न है। नकल विरोधी, दंगा रोधी कानून, समान नागरिक संहिता ऐसे कानून हैं, जिन्होंने प्रदेश की देशभर में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी दुष्प्रचार कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रेमा रावत, शक्ति केंद्र संयोजक रमेश जोशी, प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र रावत, बूथ अध्यक्ष विशाल जोशी, मौजूद रहे।

भाजपा बताए 2 करोड़ नौकरियों का क्या हुआ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को जुमला पत्र बताया है।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ दो बार नौकरियों का जिक्र हुआ है, जबकि इस समय देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। वहीं कांग्रेस ने 30 लाख सरकारी नौकरियां का वादा किया है। कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 में युवाओं को सालाना दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था उसका क्या हुआ? किसानों की आय दोगुनी करने के वादे का क्या हुआ? हर बैंक खाते में 15-15 लाख रुपये के वादा का क्या हुआ? भाजपा सरकार में एसएसी और एसटी वर्ग पर 46 व 48 प्रतिशत अपराध क्यों बढ़ गए? भाजपा बताए कि 100 स्मार्ट सिटी कहां बनाई गई हैं? भाजपा ने वादा किया था कि वर्ष 2020 तक गंगा की सफाई हो जाएगी, वह क्यों नहीं हुई? वर्ष 2022 तक हर परिवार के सिर पर छत क्यों नहीं है? हर परिवार को 24 घंटे बिजली देने के वादे का क्या हुआ?। यशपाल आर्य ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान 700 किसानों ही शहादत हुई और भाजपा ने घोषणा पत्र में एमएसपी के कानून की बात तक नहीं की है। वहीं कांग्रेस किसानों को एमएसपी कानूनी गारंटी देने जा रही है। भाजपा कहती है कि महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे, जबकि महिलाओं को आटे और दही तक पर जीएसटी देना पड़ रहा है।

हमला

- नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा के घोषणा पत्र को बताया जुमला पत्र
- लखपति दीदी बनाने का दावा, आटा-दही पर लग रहा जीएसटी

सियासत | मतदाताओं ने साधी चुप्पी, स्टार प्रचारकों के दौरे से भी नहीं भांप पा रहे जनता का मूड

चुनाव करीब, मतदाता खामोश, प्रत्याशी बेचैन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे मतदाता खामोश होते जा रहे हैं। मतदाताओं की इस खामोशी ने सांसद प्रत्याशियों की बेचैनी और परेशानी दोनों बढ़ा दी हैं। सभी दलों के चुनावी विशेषज्ञ भी गुणा-भाग में जुट गए हैं।

उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। नैनीताल संसदीय सीट से भाजपा से अजय भट्ट और कांग्रेस से प्रकाश जोशी चुनावी ताल ठोक रहे हैं। भट्ट जहां पूर्व में भी सांसद रहे हैं वहीं प्रकाश जोशी दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन दोनों बार ही हार का सामना करना पड़ा था। दोनों ही दलों के अपने-अपने दावे हैं। भाजपा के अजय भट्ट जहां प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं तो कांग्रेस के जोशी लगातार भट्ट पर विकास कार्यों को लेकर हमलावर हैं। अग्निवीर योजना समेत केंद्र के कई मुद्दों को लेकर भी घेर रहे हैं। दोनों ही उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पिछले एक सप्ताह में मतदाता खामोश हो गया है। मतदान में चार दिन और प्रचार में तीन दिन का समय रह गया है। मतदान के दिन नजदीक आने के साथ ही मतदाताओं ने चुप्पी साध ली है। पूर्व में मतदान की तिथि नजदीक आने पर चुनावी शोर जोर पकड़ने लगता था। स्टार प्रचारकों की चुनावी रैलियों में उमड़ी भीड़ से भी नतीजों को लेकर कयासबाजी होती थी। इस बार यह कहानी बिल्कुल उलटी है। भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों दलों के स्टार प्रचारक में भीड़ देखने को मिल रही है। मतदाता खामोश हो गए हैं, शहर से लेकर गांव तक चुनावी माहौल देखने को नहीं मिल रहा है। कार्यकर्ता भी डोर टू डोर जा रहे हैं लेकिन उत्साह नहीं मिल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि मतदान पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में दोनों दलों के उम्मीदवारों की पेशानी पर बल पड़ गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए पूरी जोर से जुट जाने का आह्वान किया है।

"मतदाता खामोश है, भाजपा सरकार ने जनता को इतना डरा दिया है कि यदि कोई बात करें तो तुरंत कार्रवाई हो जाएगी। यह चुनाव भाजपा और जनता का है, हमें पूरा भरोसा है कि जनता की जीत होगी। **-राहुल छिमवाल**, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, नैनीताल

"मतदाता जानता है कि उसे कहां वोट करना है। इस बार 2019 के मुकाबले अधिक मतदान होगा और भाजपा पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत का रिकॉर्ड बनाएगी। **-प्रताप सिंह बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा, नैनीताल

कांग्रेस के प्रकाश जोशी ने नोटिस का दिया जवाब

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट पर आरोप लगाया था कि भट्ट ने अपनी सांसद को पूरी तरह से खर्च नहीं किया है। चुनाव आयोग में भट्ट ने शिकायत की तो आयोग ने प्रकाश को नोटिस भेजा। कांग्रेस प्रत्याशी का कहना है कि उन्होंने नोटिस का जवाब दे दिया है।

कांग्रेस की ओर से जारी सूचना में कहा गया कि प्रकाश जोशी ने चुनाव आयोग को सोमवार को विस्तृत जवाब देते हुए केंद्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर जवाब प्रेषित किया है। आंकड़े यह साबित करते हैं कि अजय भट्ट ने 17 करोड़ की सांसद निधि में से केवल 8 करोड़ के ही प्रस्ताव भेजे थे। जिसमें से मात्र 7 करोड़ के कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई और इतनी ही राशि जारी हुई है। इधर, जोशी का कहना है कि मंत्री भट्ट ने सांसद निधि की 10 करोड़ राशि का कोई उपयोग नहीं किया है।

जनता से माफी मांगें भट्टः जोशी

हल्द्वानी : प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार के जारी किए गए आंकड़ों से अजय भट्ट की अक्षमता एवं निष्क्रियता प्रमाणित हो गयी है। अब उन्हें क्षेत्र की जनता से माफी मांग लेनी चाहिए। उन्होंने एक बार फिर अजय भट्ट को केंद्रीय मंत्री रहते हुए उनकी आठ असफलताओं पर सार्वजनिक बहस की खुली चुनौती दी है।

सार संक्षेप

भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए करें वोट : बहुगुणा

शांतिपुरी क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

शांतिपुरी : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शांतिपुरी क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से भारत को विश्व गुरु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व नेता बनाने के लिए मतदान करने की अपील की। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा रविवार को शांतिपुरी नंबर चार में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जहां ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौक़े पर दर्जा राज्य मंत्री हज़ कमेटी ख़तिब अहमद, भाजपा बरा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, भजयुमो मंडल अध्यक्ष आकाश मेहता (बहादुर मेहता), उपाध्यक्ष मोनू बिष्ट, महामंत्री दीपक मेहता, दीपक देव आदि मौजूद थे।

जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट

बगवाड़ा भट्टा में जनसंपर्क करते निवर्तमान मेयर व अन्य। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौहान ने मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, निवर्तमान पार्षद प्रमोद शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड 16 स्थित बगवाड़ा भट्टा, प्रताप एनक्लेव, देव होम्स, कौशल्या ग्रीन, देव होम फेस 6, प्रबल एनक्लेव, रॉयल रेजीडेंसी में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। साथ ही भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर हिमांशु शुक्ला, विनय बत्रा, मोहन तिवारी, किरन विर्क, भुवन गुप्ता, डॉ. राकेश सिंह, मनीषा राय, नेहा पांडे, ममता त्रिपाठी, साधना शर्मा, स्वाति शर्मा आदि मौजूद रहे।

भाजपा के घोषणा पत्र को कांग्रेस ने बताया जुमला पत्र

बाजपुर में मौजूद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व संबोधित करते संजीव आर्य।

बाजपुर : यह भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र है, न पुरानी गारंटियों की जवाबदेही, केवल खोखले शब्दों की हेराफेरी की गई है। यह बात नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा ग्राम रेहटा, खंवारी, इटव्वा में सभाओं के दौरान कही। आर्य ने कहा कि भाजपा मोदी की गांरटी की बात करती है लेकिन जनता पुरानी गांरटियों का क्या हुआ उस पर सवाल कर रही है। इस मौके पर नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाडी ने सभा को संबोधित किया। सभा में जगजीत सिंह संधू, डीके जोशी, शेर सिंह, जीत सिंह, पवन शर्मा, लाल सिंह, निर्मल सिंह, गुरशरण सिंह, गुरवाज सिंह आदि मौजूद रहे।

बूंदाबांदी से किसानों की चिंता बढ़ी

जसपुर क्षेत्र में कटाई का कार्य रोके जाने के बाद खेत में पड़ी गेहूं की फसल ।

जसपुर : शनिवार को मौसम खराब होने व बूंदाबांदी होने पर क्षेत्र के किसान गेहूं की फसल खराब होने को लेकर काफी चिंतित नजर आए। बादल छाए रहने व बूंदाबांदी होने के करण किसानों को अपने गेहूं की फसल की कटाई व मढ़ाई के कार्य को रोकना पड़ा।

कॉलोनी में सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग

जसपुर : पंजाबी कॉलोनी एवं आनंद विहार कॉलोनी निवासियों ने एसडीएम को पत्र देकर कॉलोनी में सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की। कॉलोनी वासियों ने एसडीएम गौरव चटवाल को दिए पत्र में कहा कि वह बीते दस वर्षों से कॉलोनी में अपने पक्के भवन बना कर निवास कर रहे हैं। कई बार कॉलोनी में सड़क निर्माण कराए जाने की मांग कर चुके हैं। किंतु नगर पालिका प्रशासन ने सड़क निर्माण के लिए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। कॉलोनी निवासी पराग अग्रवाल ने बताया कि एसडीएम गौरव चटवाल ने कॉलोनी निवासियों को फंड की व्यवस्था होते ही कालोनी में सड़क का निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया है। पत्र देने वालों में विकास बिश्नोई, राजेंद्र सिंह, पराग अग्रवाल, सी पी सिंह, कमल कुमार, अवलोक जैन, मनोज रावत, राजीव चौहान, सरजीत सिंह आदि शामिल रहे।

शहीद अग्निशमन कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत हुए कार्यक्रम, काशीपुर में निकाली गई रैली, पंपलेट बांटकर किया जागरूक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत सिडकुल स्थित अग्निशमन कार्यालय में सेवा सप्ताह मनाया गया। इसकी शुरुआत शहीद फायर फाइटर्स को श्रद्धांजलि देकर की गई। इस दौरान दमकल कर्मियों ने पंपलेट वितरित कर लोगों को सजग रहने का आह्वान किया।

रविवार को सिडकुल स्थित अग्निशमन कार्यालय में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी मोहन सिंह थापा की मौजूदगी में कर्मचारियों ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस दौरान कार्मिकों ने शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

रुद्रपुर में अग्निशमन सेवा सप्ताह की जानकारी देते प्रभारी अधिकारी।

काशीपुर में निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते एसपी।

बाजपुर में जागरूकता को लेकर पंपलेट बांटते एसएसआई व दमकल कर्मी।

जसपुर में अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते फायर ब्रिगेड कर्मी ।

काशीपुर : फायर स्टेशन में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ एसपी काशीपुर ने रैली को झंडी दिखाकर किया। इस दौरान शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को याद भी किया गया। रविवार को एसपी काशीपुर अभय सिंह ने परेड की सलामी ली। उन्होंने स्टेशन पर शहीद कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी। अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए फायर स्टेशन से वाहन रैली को एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम आर्य ने बताया कि शहर में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा प्रचार प्रसार के लिए 20 तारीख तक स्कूल, बैंक, औद्योगिक आदि स्थानों पर विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट, खीमानंद, चालक संदीप शर्मा, फायरमैन अर्जुन सिंह, विनोद कुमार, दीपक राठौर मौजूद रहे।

बाजपुर : अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बाजपुर में भी दमकल कर्मियों ने आमजन में जन-जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत कोतवाली के सामने एसएसआई विनोद फर्त्याल व फायर ब्रिगेड यूनिट प्रभारी चंदन सिंह ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान वाहन चालकों व राहगीरों को रोक कर पंपलेट बांटे गए। इस मौके पर मनोज पांडेय, दीपक चंद्र, बलवंत तोमक्याल आदि मौजूद थे।

जसपुर : फायर स्टेशन में रविवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा ने अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर अग्निशमन कार्य के दौरान शहीद हुए कर्मचारियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर पंपलेट वितरित कर थीम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अग्नि सुरक्षा सप्ताह आगामी 20 अप्रैल तक चलेगा ।

कर्मचारियों को मतदान के लिए किया जागरूक

रुद्रपुरः एसआई ऑटो पैक यूनिट में जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी व नोडल स्वीप मनीष कुमार के निर्देशन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कर्मचारियों को मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी दी गयी और जागरूक किया गया। इससे पूर्व जागरूकता रैली निकाली गयी। इसमें 500 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार, स्वीप सहायक नोडल अमन अनिरुद्ध, व्योमा जैन, यूनिट के प्रबंधक मनीष बेलवाल आदि उपस्थित रहे।

टेंट हाउस के बाहर खड़ी बाइक चोरी

काशीपुर : घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। कटोराताल स्थित अन्नपूर्णा टेंट हाउस के स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि टेंट हाउस में ही उनका निवास स्थान भी है। बीती 12 अप्रैल की रात्रि उन्होंने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था। जब वह सुबह घर से बाहर आये तो बाइक गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बिजली चोरी में दो पर केस

काशीपुर : पुलिस ने विद्युत उपखंड अधिकारी पंकज कुमार की तहरीर पर ढकिया नं. एक निवासी सत्यपाल सिंह व योगेन्द्र सिंह के खिलाफ विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज किया है।

कोई भी कार्मिक मतदान से नहीं छूटना चाहिए

- संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी निर्वाचन कार्मिक मतदान से नहीं छूटना चाहिए। इसके साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में तैनात पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रविवार को जिला कार्यालय सभागार में जनपद ऊधमसिंह नगर के सभी नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा कर रहे थे। चुनाव व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने पोलिंग बूथों पर आवश्यक सूचना चस्पा करने, बूथों पर संचार व्यवस्था, वेबकास्टिंग वाले बूथों पर ट्रायल रन आदि की विस्तृत समीक्षा की।

चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह।

ईवीएम नोडल ने बताया कि जनपद में 45 बीयू, 158 सीयू व 66 वीवीपैट कमीशनिंग के दौरान खराब पाई गई हैं। इसलिए रिजर्व मशीने रेंडमाइजेशन कर सहायक निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराई गई हैं, जिनकी कमीशनिंग 15 अप्रैल को की जाएगी।

इस दौरान नोडल पुलिस चंद्रशेखर घोड़के, नोडल आरडी पालीवाल, टीएस मर्तोलिया, नरेश चंद्र दुर्गापाल, शिप्रा पांडे, केएस रावत, श्याम आर्या, भूपेंद्र सिंह रावत, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, रविंद्र बिष्ट, गौरव पांडे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, अमृता शर्मा, रविंद्र जुवांठा व अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

780 वाहन लगाए गए हैं निर्वाचन ड्यूटी में

रुद्रपुर। एआरटीओ ने बताया कि 780 वाहन निर्वाचन में लगाए गए हैं। इसमें से 443 वाहन चालकों को ईडीसी व 189 को पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं। 770 निर्वाचन में लगे वाहनों में से 435 में जीपीएस लगा दिए गए हैं। शेष में 17 अप्रैल को लगाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को सभी वाहन निर्धारित स्थान पर ईंधन आपूर्ति कर पार्क किए जाएंगे। ताकि 18 अप्रैल को रूट-चार्ट के अनुसार मतदान टीमें अपने बूथों को समय पर प्रस्थान कर सकें।

1465 बूथों के लिए 1700 किट तैयार

रुद्रपुर : नोडल लेखन सामग्री ने बताया कि 9 विधानसभाओं में 1465 बूथ हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त सूची से मिलान कर 1700 मतदान किट तैयार कर लिए गए हैं। 18 अप्रैल को बगवाड़ा में लेखन सामग्री स्टॉल लगाया जाएगा। ताकि कोई सामग्री कम होने पर तत्काल उपलब्ध कराई जा सके। नोडल पोस्टल बैलेट व सहायक नोडल कार्मिक ने बताया कि जनपद में निर्वाचन में 6732 कार्मिक लगाए गए हैं। अब तक 4099 कार्मिकों को ईडीसी व 625 को पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं।

ड्यूटी में लगाए गए हैं 479 होमगार्ड

रुद्रपुर : जिला कमांडेंट होमगार्ड ने बताया कि 479 होमगार्ड निर्वाचन में लगाए गए हैं। इसमें से 464 को ईडीसी जारी किए गए हैं। इसी तरह जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 700 पीआरडी जवान निर्वाचन में लगाए गए हैं। इसमें से 656 को ईडीसी व 2 को पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं। चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सभी अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी को गंभीरतापूर्वक करने को कहा गया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैंने अपने पुत्र आदित्य शर्मा (लक्की) को उसके अमर्यादित कृत्यों के चलते अपनी व पुश्तैनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र के द्वारा किसी भी तरह के गलत व सही कार्यों एवं लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का किसी प्रकार का कोई संबंध या सरोकार वास्ता नहीं है न ही भविष्य में होगा। **जय पाल शर्मा पुत्र श्री नत्थू लाल शर्मा वार्ड नंबर 6, आवास विकास गदरपुर, जिला-उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)**

ट्रक चालक को सीमेंट के कट्टे हटाकर निकाला बाहर

अमृत विचार, खटीमा : हाइवे पर हुई दुर्घटना के बाद पलटे ट्रक का चालक जय मेजर सिंह सीमेंट के कट्टों के नीचे दब गया। उसे 108 एंबुलेंस के चालकों ने सीमेंट के कट्टों को हटाकर बाहर निकाला। वे कुछ मिनट ही अगर लेट हो जाते ट्रक चालक को बचाना मुश्किल हो जाता। उधर, बिगराबाग बाईपास हादसे की खबर मिलते ही नागरिक अस्पताल में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घायलों का हाल चाल जाना। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. वीपी सिंह को सभी घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। दुर्घटना में बस, ट्रक चालक, हेल्पर सहित निजी संस्थान के घायल छात्र-छात्राओं को सीएम धामी ने ढाढ़स बंधाया। इससे पहले उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार, हिमांशु बिष्ट, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

खटीमा के अस्पताल में घायलों का हाल चाल जानते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

रुद्रपुर, अमृत विचारः जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने विधानसभा किच्छा क्षेत्र के तहत विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, कुर्सी, मेज, पंखा आदि की व्यवस्थाएं, पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों के लिए रहने-खाने आदि अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा किच्छा क्षेत्र के बूथ संख्या 37 व 38 राउप्रा विद्यालय चुटकी देवरिया और बूथ संख्या 109, 110, 112 राप्रावि छिनकी के बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित बीएलओ से पोलिंग बूथों पर विगत चुनावों में हुए मतदान प्रतिशत, नए वोटर कार्ड एवं मतदाता पहचान पर्ची वितरण की जानकारी ली। साथ ही सभी मतदाताओं को पर्चियों का वितरण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, बीएलओ मुन्नी बिष्ट, हेमा पांडे, नीतू मौर्या, कलावती मौर्या, नीतू मौर्या आदि उपस्थित थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

चुनाव | किच्छा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ निकाला रोड शो

कांग्रेस ने जनसभाओं में बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दे उठाए

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचारः नैनीताल- उधमसिंह नगर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने क्षेत्र का तूफानी दौरा कर दिनेशपुर व चक्कीमोड़ में चुनावी जनसभा की। उन्होंने अपने संबोधन में बड़ती बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य व किसानों की समस्या पर अपने विचार रखे।

मंगलवार को दिनेशपुर व चक्कीमोड़ में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र में फेल रही है। गलत नीतियों के चलते बेरोजगार युवाओं को रोजगार न मिलने से अधिकांश युवा पलायन करने को बाध्य हैं। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना शुरू कर उत्तराखंड के युवा के साथ धोखा किया है। सभा को किच्छा विधायक तिलकराज बेहड, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पूर्व विधायक प्रेमानंन्द महाजन व जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, संचालन यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मुकेश चौहान व कोपा प्रधान मनोज देवराड़ी ने किया। इस मौके पर आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, वरिष्ठ नेता केके गावा, श्याम सिंह देऊपा, किशोर सामंत मौजूद थे।

दिनेशपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

किच्छा में रोड शो के दौरान प्रत्याशी जोशी एवं विधायक बेहड़।

किच्छा। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने तमाम समर्थकों के साथ किच्छा में रोड शो निकाला। रोड शो में खुली जीप पर सवार कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनता का अभिवादन किया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, डॉ. गणेश उपाध्याय, राजेश प्रताप सिंह, नारायण बिष्ट मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार क्लासीफाइड
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

सौ के करीब बनाए गए हैं मेला परिसर में शौचालय, 25 से अधिक शौचालयों के अब तक नहीं खोले ताले, सुविधा नहीं मिलने से दुकानदार परेशान

चैती मेले में बनाए गए शौचालयों के ताले तक नहीं खोले

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : ऐतिहासिक चैती मेले में झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। इससे मेले में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। लेकिन लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए कई शौचालयों में ताले लटके हुए हैं। यह हाल तब है जब मेला शुरू हुए छह दिन बीत चुके हैं। लोग शौचालय की सुविधा नहीं मिलने से मेले की व्यवस्थाओं को कोसते दिख रहे हैं।

चैती मेले से पहले दुकानें, झूले, पार्किंग व अन्य सुविधाओं के लिए तीन करोड़ से अधिक के टेंडर किए गए। मेले में मुरादाबाद, रामपुर, दिल्ली, जयपुर समेत कई राज्यों के लोग कारोबार करने आए हैं। प्रशासन के अनुसार मेले में आने वाले लोगों व दुकानदारों के लिए करीब सौ शौचालय नगर निगम ने बनाए हैं। बताया कि हर बार लोगों की सुविधाओं को देखते हुए शौचालय को समय पर ही खोल कर पानी व साबुन की व्यवस्था कर दी जाती है। इस बार मेले में 25 से अधिक शौचालयों में ताले लगे हैं, यानी मेला शुरू हुए छह दिन हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने लोगों की सुविधा के लिए शौचालयों के ताले व उसके आस-पास सफाई तक नहीं कराई है। दुकानदारों का कहना है कि शौचालयों के ताले नहीं खोलने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शौच के लिए उन्हें झाड़ियों में जाना पड़ रहा है। बताया कि गौविषाण टीले के आस-पास गुलदार की आहट सुनाई देती है। इससे उनकी समस्याएं और बढ़ रही है।

नखासा बाजार में जमा हुआ है पानी: इस बार मेले का आकर्षण का केंद्र नखासा बाजार में आने वाले लोग समस्याओं का सामना कर रहे हैं। बताया कि मेले का पानी परिसर में जमा होने से घोड़ा मालिकों का चलना दूभर हो रहा है। कीचड़ होने से लोग घोड़ों को देखने तक नहीं आ रहे हैं।

चैती मेले में लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए शौचालय में लगे ताले।

शौचालय में दरवाजा तक नहीं लगवाया गया। ● अमृत विचार

शौचालय में दरवाजा तक नहीं

काशीपुर : मेले में बरेली समेत कई जगहों के लोग परिवार लेकर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि परिवार के साथ आए लोग मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन व पूजा अर्चना के साथ ही लौटेंगे। मेला परिसर में बनाए गए शौचालय में दरवाजा तक नहीं है। खाली कट्टों को सिलकर दरवाजे पर टांग दिया गया है।

कारोबारी चिंता न करें, आज साफ हो सकता है मौसम

काशीपुर : मौसम बदलते ही रविवार को चैती मेले में दुकानें लगाने आए व्यापारी परेशान होने लगे। बताया कि कुछ साल पहले बारिश ने मेले में कारोबार प्रभावित किया था। परिसर में पानी भरने से लोग मेला आने से बचने लगे थे। वहीं पंतनगर विश्व विद्यालय के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि सोमवार की दोपहर तक हल्की फुल्की बारिश होगी। बताया कि दोपहर बाद मौसम साफ हो सकता है। रविवार को अधिकतम तापमान 31.4 और न्यूनतम 19.4 रहा।

चैती मेले में लोगों के लिए करीब सौ शौचालय नगर निगम ने बनाए हैं। मेला शुरू होते ही शौचालयों में सारी व्यवस्थाएं कर ताले खोल दिए जाते हैं। अब तक क्यों नहीं शौचालयों के ताले खोले गए, मामले की जानकारी ली जा रही है। मेले में लोगों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। –अभय प्रताप सिंह, एसडीएम, मेला अधिकारी।

चैती में रेडक्रास चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया

चैती मेले में शिविर का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: चैती मेला परिसर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा इकाई के तत्वावधान में निशुल्क रेडक्रास चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमएस एलडी भट्ट राजकीय अस्पताल डॉ. खेमपाल सिंह तथा सोल हेल्थ केयर निदेशक अमित गर्ग ने किया। इस दौरान रेडक्रास सोसायटी सचिव अरुण पंत ने पंद्रह दिवसीय शिविर संचालन की रुपरेखा प्रस्तुत की। संरक्षक जेपी अग्रवाल, हरीश जोशी, सोसायटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा, प्रधान पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री, संरक्षक जेपी अग्रवाल, पंडा कृष्ण गोपाल अग्निहोत्री मौजूद थे।

एक नजर

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जसपुर : डेढ़ माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत पर उसकी पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम दहलावाला थाना रहेड़ (बिजनौर) निवासी प्रमोद कुमारी ने कहा कि 1 मार्च को उसका पति कुंवर पाल सिंह बाइक से अपने घर आ रहे थे। धर्मपुर पुलिस चौकी के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास उसके पति की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे सड़क किनारे खड़े ट्रक में पति टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उसके पति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पांच जुआरी पकड़े

जसपुर : पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच युवकों को पकड़ कर फड़ से ताश की गड्डी व 7820 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि ईदगाह रोड स्थित नाले के किनारे खुले आम जुआ खेलते हुए नगर के मोहल्ला दिल्ला सिंह निवासी रवि कुमार, मोहल्ला जुलाहान ईदगाह रोड निवासी सलमान, सुनील कुमार निवासी डॉ. हनीफ वाली गली मोहल्ला जुलाहान, आमिर निवासी निकट सुनहरी मस्जिद, सलीम निवासी मोहल्ला नई बस्ती जसपुर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में कोतवाल हरेंद्र चौधरी, एसएसआई राजेश पाण्डेय मौजूद रहे।

आज मध्य रात्रि पंडा आवास से चैती मंदिर पहुंचेगा मां बाल सुंदरी का डोला

पंडा आवास में शाम चार बजे से देवी के दर्शन करेंगे लोग, बुक्सा समाज के लोग भी पहुंचेंगे

चैती मेला

संवाददाता,काशीपुर

अमृत विचार : पंडा आवास से चैती मंदिर मां बाल सुंदरी का डोला ले जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार की शाम चार बजे से पंडा आवास पर ही श्रद्धालुओं को देवी के दर्शन कराए जाएंगे। विशेष पूजा अर्चना के बाद अर्धरात्रि देवी के डोले को सैकड़ों श्रद्धालु चैती मंदिर ले जाएंगे।

मां बाल सुंदरी देवी से लोगों की गहरी आस्था है। यही वजह है कि चैती मंदिर देवी का डोला पहुंचते ही यूपी, दिल्ली समेत कई जगहों से भक्त दर्शन को आते हैं। चैती मंदिर के मुख्य पंड़ा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि सोमवार की चार बजे पंडा आवास पर देवी के दर्शन कराए जाएंगे। इसके बाद पूजा अर्चना का कार्यक्रम शुरू होगा। अर्धरात्रि बजे देवी के डोले को चैती मंदिर के लिए लाया जाएगा। बताया कि पारंपरिक मार्ग से ही देवी को डोले को चैती मंदिर भक्त ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि देवी के चैती मंदिर में विराजमान होते ही मंगलवार की सुबह से ही चैती मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि बुक्सा समाज के साथ ही कई लोग देवी के दर्शन करते हैं और मन्नते मांगते हैं।

काशीपुर में चैती मंदिर। ● अमृत विचार

मां के डोले के साथ पुलिस व वालंटियर रहेंगे शामिल

काशीपुर : पंडा आवास से चैती मंदिर मां बाल सुंदरी का डोला ले जाने को लेकर पुलिस ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। डोले के साथ पुलिसकर्मियों के साथ वालंटियर भी शामिल होंगे। सोमवार को मां बाल सुंदरी का डोला अपने पारंपरिक रास्ते से चैती मंदिर पहुंचेगा। इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। डोले के साथ पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय वॉलंटियर्स को तैनात किया गया है। जो डोले के साथ-साथ मंदिर तक जाएंगे और चैती मंदिर में मां बाल सुंदरी के विराजमान होने तक व्यवस्थाओं को संभालेंगे। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि मां बाल सुंदरी देवी के डोले के साथ पुलिसकर्मियों के साथ यातायात पुलिस, सीपीयू व एसपीओ के साथ स्थानीय वालंटियर की ड्यूटी भी लगाई गई है।

पारंपरिक मार्ग को ठीक करने में लगे अफसर

देवी का डोला ले जाने वाले पारंपरिक मार्ग को ठीक करती जेसीबी।

संवाददाता, काशीपुर

खबर का असर

अमृत विचार : मां बाल सुंदरी देवी का डोला ले जाने वाले पारंपरिक मार्ग को ठीक करने में प्रशासन जुट गया है। जेसीबी से मार्ग के आसपास की सफाई व समतलीकरण किया जा रहा है।

15 अप्रैल की अर्धरात्रि मां बाल सुंदरी का डोला चैती मंदिर लेकर श्रद्धालु जाएंगे। लेकिन गौविषाण टीले के बगल से बने डोला ले जाने वाले पारंपरिक मार्ग की बदहाली को लेकर लोगों में रोष था। बताया कि हर साल देवी का डोला इसी मार्ग से चैती मंदिर जाता है, लेकिन मार्ग बनवाने वाले प्रतिनिधि लोगों को आश्वासन ही देते रहे हैं। इस मुद्दे को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से उठाया। लोगों ने प्रशासन से मार्ग को ठीक करने की मांग की थी। रविवार को मार्ग को ठीक करने के लिए जेसीबी लगाई गई। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मार्ग का समतलीकरण किया जा रहा है। मार्ग के आस-पास जेसीबी से झाड़ियां आदि की सफाई की जा रही है। बताया कि मार्ग को जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

घर में बने गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत

दिनेशपुर, अमृत विचार: बसंतीपुर गांव में ढाई साल के मासूम अरब सरदार पुत्र दयाल सरदार की घर में बने गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। रविवार को दोपहर में मासूम अरब खेलते-खेलते अचानक घर से कहीं चला गया। परिजनों के साथ आसपास के लोगों ने काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शाम को मासूम अरब अपने ही घर में बने गड्ढे में देखा गया। परिजन मासूम को नगर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा है।

अरब सरदार।

शांतिभंग में हिस्ट्रीशीटर सहित छह का चालान

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान दो पक्षों में हुई आपसी कहासुनी के बाद आपस में झगड़ा करते एक हिस्ट्रीशीटर समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। टांडा चौकी पुलिस ने दो पक्षों में हुई कहासुनी के बाद हुई मारपीट में टांडा उज्जैन निवासी हिस्ट्रीशीटर नासिर समेत यहीं के निवासी बन्ने, दयाकिशन, अंति, निक्के, वंश, दिव्यांश व भूपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर सभी का शांति भंग में चालान किया है।

सगाई के बाद ही मांगने लगे दहेज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: खेड़ा की रहने वाली युवती की अभी तक शादी भी नहीं हुई कि ससुरालियों ने सगाई के बाद ही कार व नगदी की डिमांड शुरू कर दी। जब दहेज देने से इंकार कर दिया तो घर आकर लड़की के पिता से हाथापाई कर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेड़ा कॉलोनी वार्ड-13 निवासी संजय सक्सेना ने बताया कि उसने अपनी बेटी अनुप्रिया सक्सेना का विवाह मोहल्ला तहखाना परमट मंदिर पीलीभीत के रहने वाले विशेष सक्सेना के साथ तय की थी। 27 अगस्त 2023 को टीका रस्म कार्यक्रम पीलीभीत में ही हुआ था। कार्यक्रम के दौरान साढ़े छह लाख रुपये दिए थे और सगाई के बाद दामाद ने फिर बेटी को फोन कर एक लाख रुपये का भुगतान कराया था। आरोप था कि कुछ दिनों जब शादी की तिथि तय हुई तो उसके बाद दामाद विशेष सक्सेना, पिता विवेक सक्सेना, मां ममता सक्सेना व भाई वैभव सक्सेना ने दहेज की डिमांड बढ़ा दी और पांच लाख की नगदी, कार और सोने के जेवरात की डिमांड करने लगे। यह सुनकर असमर्थता जताई तो सगाई तोड़ने की चेतावनी देने लगे।

आरोप था कि 16 फरवरी 2024 की दोपहर एक बजे ससुराली बगैर किसी सूचना के घर पर पहुंच गए और डिमांड से इंकार करने पर हाथापाई शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर कार सवार ससुराली फरार हो गए। हाथापाई के कारण तबीयत खराब होने से वह तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रहा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्रवाई

- साढ़े सात लाख रुपये देने के बाद भी मांगा दहेज
- लड़की के पिता से कर डाली हाथापाई, रिपोर्ट दर्ज

बाइक से टकराकर साइकिल सवार घायल

बाजपुर: बाइक और साइकिल की शनिवार की देर रात भिड़ंत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि ग्राम हरिपुरा हरसान निवासी गोला (48) पुत्र गोपालनंद गोला घर से साइकिल पर साप्ताहिक बाजार के लिए बरहैनी गया था।

जब वह घर लौट रहा था तो नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर बरहैनी चौकी के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने गोला की साइकिल को टक्कर मार दी। वह साइकिल से उछलकर काफी दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बाइक सवार मौका पाकर फरार हो गया।

भूमि पूजन देख कॉलोनी वालों का चढ़ा पारा

- बिल्डर प्रतिनिधि का घेराव कर उठाई कई समस्याएं
- समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : काशीपुर हाईवे स्थित कॉलोनी में भूमि पूजन की भनक लगते ही लोगों ने बिल्डर कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधि का घेराव किया और कॉलोनी की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने सहित कई मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि नये प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करने से पहले पुरानी कॉलोनी की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो कॉलोनी के लोग आंदोलन करेंगे।

रविवार को काशीपुर हाईवे स्थित सामिया लेक सिटी में नये प्रोजेक्ट को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें बिल्डर्स ग्रुप के अधिकारी भी पहुंचे थे। बिल्डर्स ग्रुप की ओर से नये प्रोजेक्ट पर काम करने की जानकारी मिलते ही कॉलोनी के लोग एकत्रित होकर बिल्डर कार्यालय पहुंचे गए। इस दौरान नाराज कॉलोनी के लोगों ने सोसायटी अध्यक्ष विकास कक्कड़ का घेराव कर नाराजगी जताई।

उनका आरोप था कि ग्रुप द्वारा निर्माणाधीन पुरानी कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सड़कों की हालत जर्जर है। जिस कारण कॉलोनी के लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और स्कूली बच्चे हादसे का शिकार भी होते हैं। इसके अलावा कई ऐसी मूलभूत सुविधाएं हैं जिसको अभी तक पूरा नहीं किया गया। इस अवसर पर मंदीप वर्मा, विद्युत भट्टाचार्य, रवि वर्मा, गगन वाही, मनीष सिंह, सलमान, रघुवीर त्यागी, सम्राट शर्मा, अरविंद कुमार, अफरान खान आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में बिल्डर प्रतिनिधि का घेराव करते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

दहशत ग्राम गढ़ी इंद्रजीत गांव में दिखा भालू, शोर मचाने पर लोगों पर हमला करने लगा

आबादी में आया भालू, हमले का किया प्रयास

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : रामनगर रोड स्थित गढ़ी इंद्रजीत गांव में एक भालू आ गया। आबादी में आने पर लोगों ने शोर कर उसके करीब जाने की कोशिश की। इस पर भालू ने कई लोगों पर हमले का प्रयास किया। हालांकि बाद में वह गेहूं के खेतों में चला गया।

रविवार को गढ़ी इंद्रजीत गांव में एक दर्जन से अधिक मजदूर गेहूं की कटाई कर रहे थे। मजदूरों ने बताया कि गांव के पास आबादी में एक भालू घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। भालू को देखने के लिए लोग घरों से बाहर आकर उसके करीब जाने लगे। इससे भालू चिड़चिड़ा हो गया। बताया कि वह हमले का प्रयास करने गला। गांव के लोग डंडों के साथ शोर करने लगे तो भालू गेहूं के खेतों से होते हुए भाग गया। 10 से 15 मिनट तक भालू गांव में ही घूमता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि उसके पास ही तराई पश्चिम वन प्रभाग का जंगल पड़ता है। अक्सर जानवर उनके खेतों में आ जाते हैं। पहली बार भालू को गांव में देखा गया है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जानवर भोजन पानी की तलाश में बाहर आ जाते हैं।

आबादी में आया भालू। ● अमृत विचार

काला भालू होता है सबसे खतरनाक

काशीपुर : विशेषज्ञों की मानें तो तराई में काला भालू दिखने को मिलता है। पहाड़ी क्षेत्रों में सफेद मुंह वाला भालू दिखता है और बर्फबारी क्षेत्रों में भूरा भालू का मूवमेंट रहता है। बताया कि काला भालू सबसे खतरनाक होता है। जल्द हमला भी काला भालू ही करता है। काशीपुर के अन्य जगहों पर भी इसका मूवमेंट देखा गया है।

तेंदुए ने दो पालतू कुत्तों को शिकार बनाया

बाजपुर : ग्राम विक्रमपुर क्षेत्र में तेंदुए ने दो पालतू कुत्तों को अपना शिकार बना लिया है। लोगों ने वन विभाग से ट्रैपिंग कैमरे लगाने व पिंजरा लगाकर वन्य जीव को पकड़कर जंगल में छोड़ने की गुहार लगाई है। पिछले लंबे समय से बाजपुर विकासखंड क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी बनी हुई है। ग्राम पंचायत विक्रमपुर क्षेत्र में शनिवार की देर रात तेंदुआ दो पालतू कुत्तों को उठाकर ले गया। इस घटना के बाद से गांव व आसपास बसे परिवारों में दहशत है।

एनसीईआरटी के फर्जी कवर बनाने के मामले में मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : फर्जी एनसीईआरटी किताबों के कवर छापने के मामले में पुलिस ने फैक्ट्री के एमडी पर मुकदमा दर्ज किया है। एनसीईआरटी टीम ने फैक्ट्री में छापा मार अनाधिकृत तरीके से एनसीईआरटी का वाटरमार्क का प्रयोग हुआ 256 क्विंटल पेपर बरामद किया था।

मामले में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली के वरिष्ठ भंडार अधिकारी आर सेल्वराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पुलिस के साथ रामनगर रोड स्थित बनवारी पेपर मिल में छापा मारा। जहां टीम को मिल में अनाधिकृत रूप से एनसीईआरटी वाटरमार्क का इस्तेमाल होकर अवैध तरीके से कवर बनाए जा रहे थे। इनका प्रयोग एनसीईआरटी पाठ्यक्रमों की पुस्तकों में किया जाता है। मिल से टीम ने 256 क्विंटल पेपर बरामद हुआ। साथ ही टीम ने वाटरमार्क बनाने वाली मैश को भी सीज किया। मामले में पुलिस ने तहरीर अनुसार बनवारी पेपर मिल के स्वामी/प्रबंध निदेशक जसबीर सिंह गोराया के खिलाफ कॉपीराइट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाजपुर में भारत रत्न बाबा साहब डा .भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा में शामिल लोग।

काशीपुर में आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

जयंती पर याद किए गए संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर

जिले भर में किए गए कार्यक्रम, मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि, पूर्व विधायक ठुकराल को युवा मंच ने किया सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विधायक शिव अरोरा ने मुख्य बाजार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी डॉ. आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश को ऐसा मजबूत संविधान दिया है जिसकी चर्चा विश्व पटल पर सदैव होती रही है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उपेंद्र चौधरी, भाजपा नेता सुरेश कोली, सोनू अनेजा, सुरेश शर्मा, दीपक सागर, राहुल सागर, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

इधर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व डॉ. आंबेडकर युवा मंच ने पूर्व विधायक ठुकराल को तलवार देकर व स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केपी गंगवार, सुशील आर्य, दीपक सागर, रंजीत सागर, कांतिकोली, दर्शन कोली, अशोक सागर, दीपक सागर, हिम्मत राम कोली, शैलेंद्र कोली, बंटी कोली आदि उपस्थित थे।

शांतिपुरी: शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं ग्रामीणों ने रविवार को वरिष्ठ नेता शेरराम नेता की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ऊधमसिंह नगर दुग्ध संघ निदेशक इंदर सिंह मेहता ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम को पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत्ति कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, सेवानिवृत्ति कैप्टन कल्याण सिंह रौतेला, कल्याण सिंह मटियानी, आनंद बल्लभ जोशी, भाजपा मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेर राम नेता ने की। कार्यक्रम में बालाजी भक्त नवीन टाकुली, पूर्व प्रधान कुंदन सिंह दानू, दीपा आनंद जोशी, ममता बिष्ट, जगदीश कांडपाल, कमल ठटोला, पूर्व सैनिक कमलेश जोशी, मोहन सिंह कोरंगा, खुशाल सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

डॉ. आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

पूर्व विधायक ठुकराल को तलवार भेंट करते डॉ. आंबेडकर युवा मंच के पदाधिकारी।

शांतिपुरी में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाते ग्रामीण।

किच्छा में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

किच्छा : संविधान निर्माता बाबा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा में स्कूली बच्चों ने शिरकत की। समिति संयोजक डॉ बृज किशोर के नेतृत्व में नगर के बरेली मार्ग स्थित आंबेडकर चौक से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। नगर स्थित खेल मैदान में स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पूर्व कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे डॉ. वीके आर्य, राजेश प्रताप सिंह, डॉ. सीता किशोर, हरीश पंत मौजूद रहे। भगवान दास, सुरेश आजाद, समर सिंह, खजान सिंह, ओमवीर सिंह, डॉ सन्नी, राम किशोर, अनिल कुमार, रामपाल गौतम, प्रेमचंद, किशन लाल, राजपाल सिंह, कमल कुमार, मनोज सिंह, लालाराम आदि ने शिरकत की।

बाजपुर में वाहन रैली व शोभायात्रा निकाली

बाजपुर : क्षेत्र में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर डा. बीआर आंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति ने नगर में वाहन रैली एवं शोभायात्रा निकाली। इस दौरान नीले रंग का अबीर-गुलाल उड़ाया गया व जमकर आतिशबाजी की गई। उत्साहित युवा डीजे पर नाचते-गाते चल रहे थे। नगरपालिका कार्यालय के पीछे स्थित आंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते व सभासदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्प अर्पित किए। यहीं पर डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती संयुक्त समारोह समिति के संयोजक डीआर बाराकोटी, बहुजन सेवक बब्बूराम सागर, कमलदास, जसवंत भारती, दिनेश भारती, यतिन सागर आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार ब्लाक प्रमुख सरिता देवी व पूर्व सभासद राजकुमार, समाजसेवी महिपाल सिंह यादव, विहिप नेता यशपाल राजहंस, डोरी लाल सागर, अखिल भारतीय तुरैहा समाल के प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल तुरैहा आदि ने अलग-अलग स्थानों पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी।

काशीपुर में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

काशीपुर : ग्राम भोगपुर स्थित पार्क में आंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति की ओर से आयोजित समारोह का शुभारंभ भदंते राहुल बौद्धिष्ट की ओर से बुद्ध वंदना प्रस्तुत कर किया गया। इस दौरान कुंडेश्वरी, फिरोजपुर, जोशी मझरा, गोपीपुरा, बरखेड़ा पांडे आदि क्षेत्रों से बाबा साहब के जयकारों एवं बैंड बाजे के साथ भव्य रैली पहुंची। संचालन सुधा बौद्ध ने किया। वहां पर समिति अध्यक्ष चंद्रहास गौतम, राम सिंह, अशोक प्रधान, देवेंद्र सिंह, राजेश गौतम एड ., विनोद गौतम, धर्मपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विक्रम, सुमन गौतम, मोहनी आर्य आदि मौजूद रहे। वही सुबह के समय शहर में आंबेडकर संदेश यात्रा प्रभात फेरी नगर क्षेत्र में निकाली गई। यात्रा संयोजक जितेंद्र देवांतक ने कहा कि आधुनिक युग में बाबा साहब आंबेडकर दलित शोषितों वंचितों के लिए महामानव के रूप में आए। महाराणा प्रताप चौक पर मिष्ठान वितरण किया गया। वहां पर हिमांशु गौरव, अमित टांक, ऋतु वाल्मीकि आदि 300 से अधिक लोग मौजूद रहे। उधर, राउमावि मानपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहां पर प्रधानाध्यापिका अर्चना सिंह, जय सिंह गौतम, सपना गौतम आदि शामिल रहे। इसके अलावा कुंडेश्वरी तिलक नगर आंबेडकर पार्क में डॉ. भीम राव आंबेडकर कल्याण समिति और टांडा उज्जैन में आंबेडकर स्मारक ट्रस्ट सोसायटी द्वारा जयंती मनाई गई। इस दौरान सुनील, वेगराज सिंह, मुन्नू सिंह, जोएल मसीह, अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्रा, ऊषा चौधरी, भास्कर त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

झलकियां

आदर्श कॉलोनी में निकली शोभायात्रा में झांकी। ● अमृत विचार

शोभायात्रा निकालकर किया आंबेडकर सम्मेलन

रुद्रपुर : डॉ. भीमराव आंबेडकर युवा मंच आदर्श कॉलोनी घासमंडी की ओर से रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों के अलावा बाबा साहेब के चित्र लगे वाहन चल रहे थे। इसके अलावा आदर्श कॉलोनी घास मंडी में बसपा नेता विजय पाल सिंह, सोनू सागर, महेंद्र आर्या, कमल राणा, राजीव चावला, विशाल कोली द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया और खीर का प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा आंबेडकर पार्क में सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ अधिवक्ता डॉ. मनोज गोरकेला, शिवकुमार सिंह, डॉ. स्नेह दोहरे, सुमन सिंह, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, आयोजक नरेश सागर, मुकेश राजोरिया ने दीप जलाकर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और नाटक के माध्यम से समाज को साक्षर बनाने का आह्वान किया।

सुल्तानपुर पट्टी में भी निकाली गई शोभायात्रा

सुल्तानपुर पट्टी : संविधान निर्माता डॉ. बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जाटव समाज के तत्वावधान में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। मोहल्ला शिवनगर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। जाटव समाज के लोगों ने इस अवसर पर केक काटा गया। इस मौके पर सुंदर लाल जाटव, रतनलाल जाटव, शक्ति सिंह, विशेष सागर, रामअवतार सागर, जितेंद्र सागर, जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवी आदि मौजूद थे।

भूमि बचाओ आंदोलन स्थल पर भी किया बाबा साहब को याद

बाजपुर : 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन स्थल पर रविवार को संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर आंदोलनकारियों ने मिष्ठान वितरण किया। भूमि बचाओ महिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, दर्शन लाल गोयल, देवेश प्रताप सिंह, दीनदयाल सिंह, बलदेव सिंह, महेंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, राज किशोर सिंह, नत्था सिंह, सुखवंत सिंह मौजूद रहे।

जसपुर में अंबेडकर जयंती समारोह में केक काटते लोग।

जसपुर में जाटव समाज ने काटा केक

जसपुर : संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मोहल्ला दिल्ला सिंह स्थित धर्मशाला पर जाटव समाज ने कार्यक्रम आयोजित कर केक काटा गया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्गों से जुलूस निकाला। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान, डॉ. सुदेश कुमार, कमल चौहान, महेश प्रजापति, राजकुमार चौहान, सुधीर बिश्नोई, अशोक कुमार प्रजापति, समरपाल सिंह सोनू, डॉक्टर सूरज सिंह, मास्टर भूदेव सिंह चौहान, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

षष्ठाधि कल्पारंभ के साथ पूजा शुरू

आस्था

- दिनेशपुर में पांच दिवसीय महोत्सव का आगाज, बांग्ला लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम किए आयोजित

संपाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: षष्ठाधि कल्पारंभ पूजा व मंगलघट की स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र पर होने वाली पांच दिवसीय श्री सार्वजनिक मां बसंती पूजा का आगाज हो गया। इस दौरान बांग्ला लोक संस्कृति पर आधारित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रविवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में महिला संगठन की ओर से आयोजित बसंती पूजा महोत्सव में मुख्य पुरोहित वनमाली चक्रवर्ती ने मंगल ध्वनि के बीच मंदिर के दक्षिण पूर्व कोण में स्थित बेल वृक्ष के नीचे मंगल घट की स्थापना के बाद षष्ठाधि कल्पारंभ पूजा संपन्न की। शाम को आमंत्रण अधिवास और बोधन कार्यक्रम में नव पत्रिका की पूजा की गई। सोमवार को सुबह नव पत्रिकाओं को स्नान करने के बाद उसे मंदिर में स्थापित कर सभी देवी देवताओं में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी के साथ पांच दिवसीय मां बसंती पूजा का विधिवत्त शुभारंभ हुआ। इस मौके पर नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, लक्ष्मी राय, शिखा ढाली, प्रमिला मंडल, प्रभा राय, सुनीता मिस्त्री, कल्पना मंडल, मीना मंडल मौजूद रही।

दिनेशपुर में मंगल घट की स्थापना करते मुख्य पुरोहित वनमाली चक्रवर्ती।

कनाडा भेजने के नाम पर हुई 21 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: ओवरसीज स्वामी पर एक युवक ने कनाडा भेजने के नाम पर 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित युवक के पिता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम हरिपुरा सोन पीरुमदारा रामनगर निवासी चमनलाल चौधरी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बताया कि वर्ष 2021 में उसने अपने पुत्र उत्कर्ष चौधरी को कनाडा भेजने के लिए रामनगर रोड स्थित एक आईलेट्स का कोर्स कराया था। कहा कि उसने अपने पुत्र को कनाडा भेजने के लिए तथा वहां की पढ़ाई के लिए संस्थान के संचालक बलवंत सिंह गिल के कहने पर संस्थान के खाते में कभी ऑनलाइन कभी नकद 21 लाख जमा किए। इसके बाद बलवंत सिंह गिल उसके पुत्र को कनाडा भेजने के नाम पर टालमटोल करता रहा। बार-बार कहने पर बलवन्त सिंह गिल ने उसे एक कागज दिया जिस पर लेटर ऑफ ऐक्सेप्टन्स लिखा हुआ था। उसके बाद एक कागज कनफरमेशन ऑफ पेमेंट तथा एक कागज इन्वेस्टमेंट वेलेन्स कनफरमेशन दिया। जब उसने बलवंत सिंह गिल से जब कनाडा की पढ़ाई के सम्बन्ध में फीस की रसीद मांगी तो उसने रसीद देने से इनकार कर दिया। शक होने पर उसने जानकारी निकाली तो सभी कागजात नकली निकले। इसके बाद जब उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने 20 मार्च 2023 को 15 लाख का चेक दिया जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। जिसका परिवाद रामनगर न्यायालय में विचाराधीन है। कहा कि कई बार तकादे के बाद बलवन्त सिंह गिल ने अभी तक सिर्फ 1 लाख 75 हजार रुपये ही वापस किये है। बाकी के 19 लाख 25 हजार रुपये आज तक वापस नहीं किए। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गदरपुर के रेड रोज कान्वेंट स्कूल में इंडिपेंडेंस स्कूल की बैठक में भाग लेते प्रबंधक।

अभिभावक अपने बच्चों को वाहन देने से बचें : धालीवाल

गदरपुर : ऊधम सिंह नगर एसोसिएशन इंडिपेंडेंस स्कूल की एक बैठक रेड रोज कान्वेंट स्कूल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अभिभावकों को अपने बच्चों को दोपहिया और चारपहिया वाहन न देने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एनएस धालीवाल ने की। बैठक में 13 बिंदुओं पर चर्चा की गई। कहा गया कि माता-पिता घर को मोबाइल मुक्त जोन बनाएं, जिससे बच्चे मोबाइल से दूर रह सकें। माता-पिता घर का बजट बनाते समय बच्चों को शामिल करें, जिससे बच्चों को पैसे के महत्व की समझ आ सके। इस मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष एनएस धालीवाल, महासचिव अमित कंबोज, कोषाध्यक्ष डॉ. पुनीत गोयल, चमन भूटिया, मनोज कांडपाल, पूजा अग्रवाल, जैस्मिन विर्क, मोहित राम, बसंत बल्लभ, संजय सिंह, अनुराग सिंह, गोविंद मित्तल, पंकज भल्ला, दीपक गुप्ता, अनुज भाटिया, संजीव मलिक आदि मौजूद थे।

पत्नी की शिकायत पर ससुरालियों ने पति को पीटा

बाजपुर : विवाहिता की शिकायत पर पहुंचे ससुरालियों ने उसके पति को पीट दिया। घायल को पुलिस के माध्यम से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला हबीबनगर मुड़िया पिस्तौर देहात निवासी मोहम्मद आरिफ ने पुलिस को बताया कि 13 अप्रैल को पत्नी शाहीन के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। पत्नी ने इसकी शिकायत अपने मायके में कर दी। आरोप है कि 13 अप्रैल की शाम करीब 5 :15 बजे पत्नी के मायके वाले 4-5 अन्य लोगों के साथ उसके घर पर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। लात-घूंसों व लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की गई।

झाड़ियों में लगी आग बाल-बाल बची फसल

किच्छा के रुद्रपुर मार्ग पर झाड़ियों में लगी आग। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: रुद्रपुर मार्ग स्थित नालंदा स्कूल के निकट मोहम्मद मोहसिन के खेत में खड़ी गेहूं की फसल के निकट रविवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते सूखी झाड़ियों में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोगों तथा फायर ब्रिगेड प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय पर आग बुझने के चलते गेहूं की फसल जलने से बच गई।

आयोजन गुरुग्राम के शिव मंदिर में आज से आरंभ होगा हरिनाम संकीर्तन

हरिनाम संकीर्तन से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: गुरुग्राम के शिव मंदिर में सोमवार से आरंभ होने वाले हरिनाम संकीर्तन से पूर्व रविवार को महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। महिलाओं ने गांव की परिक्रमा करने के पश्चात कलश में पवित्र जल भरकर मंदिर में स्थापित किए। इस दौरान लोग हरे कृष्ण हरे राम, राम राम हरे हरे कीर्तन गाते हुए चल रहे थे। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष विधान राय ने बताया कि सोमवार सुबह से अविरल 48 घंटे तक चलने वाले हरिनाम संकीर्तन में पांच मंडली कीर्तन गाएंगे। इस मौके पर विधान दास, मनीषा दास, तरुलता खान, गणेश वैद्य, असित मंडल, संजीत खान, सोमनाथ बैरागी मौजूद रहे।

शक्तिफार्म में कलश यात्रा में शामिल ग्रामीण। ● अमृत विचार

मंदिर में स्थापित की भगवान शिव की मूर्ति

शक्तिफार्म : समाजसेवी अमित हालदार ने गुरुग्राम के शिवतला स्थित मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की है। इससे पूर्व गांव में संगीतमय झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शिव और पार्वती का रूप धारण किए कलाकारों ने शिव स्तुति गाने पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान मंदिर में आयोजित भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहां अमित हालदार, आकाश हालदार, सदानंद हालदार, रविंद्र विश्वास, ललित हालदार, रमेन विश्वास, मनोज विश्वास, नरेन विश्वास, आदि मौजूद थे।

सुल्तानपुर पट्टी में पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों का स्वागत करते अग्रवाल।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का स्वागत किया

सुल्तानपुर पट्टी : व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने रविवार को व्यापार मंडल कार्यकारिणी के साथ नवनियुक्त श्रमजीवी पत्रकार यूनियन बाजपुर नगर इकाई का स्वागत किया। यूनियन संरक्षक ज्योति स्वरूप अग्रवाल, सोनू नागी, अध्यक्ष राहुल सक्सेना, महामंत्री गुलवेज खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम गंभीर, सुरेश सैनी, मो. आसिफ, अमित चौधरी, मो. कोनेन, समीर सलमानी, जुबैद अली, नाजिम को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

सार-संक्षेप

अल्मोड़ा में मौसम का बदला मिजाज

अल्मोड़ा : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को अल्मोड़ा जिले में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। रविवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दिन भर आसमान बादलों से पटा रहा। शाम के समय काले बादल छाने से जिला मुख्यालय समेत जिले के अधिकांश कस्बों में अंधेरा सा छा गया। खराब मौसम को देखते हुए लोग भी जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। बाजारों में भी रविवार को सन्नाटा पसरा रहा। इधर मौसम विभाग ने जिले में एक दो दिनों तक बारिश और तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आपदा प्रबंधन विभाग ने भी जिले के सभी लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है।

टनकपुर, बनबसा में अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

टनकपुर : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के नेतृत्व में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों द्वारा टनकपुर व बनबसा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। टनकपुर में शिवालिक चौक, तुलसीराम चौक, मेन बाजार, चड्डा चौराहा, शास्त्री चौक, राजाराम चौक, रोडवेज तिराहा से पीलीभीत चुंगी तक तथा बनबसा में पाटनी तिराहा से मेन बाजार से चन्दनी ग्राम सभा तक फ्लैग मार्च निकाला गया। यहां पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, बनबसा थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, एसएसआई बची सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

बनबसा : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शान्तिपूर्वक संपन्न कराने का संदेश देते हुए पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के नेतृत्व में पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने बनबसा क्षेत्र के पाटनी तिराहा से मेन बाजार होते हुए चन्दनी ग्राम सभा तक फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर सीओ शिवराज सिंह राणा, थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण आदि शामिल रहे।

नवरात्र पर अल्मोड़ा में माता की चौकी कार्यक्रम का आयोजन

अल्मोड़ा : चैत्र नवरात्र के अवसर पर इन दिनों पूरे जिले भर में माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मंदिरों में जहां प्रतिदिन मां दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों में पूजा अर्चना के भीड़ उमड़ रही है। वहीं घरों में भी भक्त भजन कीर्तनों का आयोजन कर रहे हैं। चैत्र नवरात्र के मौके पर शनिवार की रात अल्मोड़ा के थाना बाजार और लोअर माल रोड स्थित सरकार की आली में श्रद्धालुओं द्वारा माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के अनेक मोहल्ले के लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों ने माता के अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों की प्रस्तुति पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम के दौरान दोनों क्षेत्रों में माहौल भक्तिमय बना रहा। सभी श्रद्धालुओं ने मां के भजन गाए और नवरात्र के मौके पर सभी के सुख और समृद्धि की कामना की। इधर चैत्र नवरात्र के छठे दिन नगर के नंदादेवी, उल्का देवी मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, वन देवी मंदिर समेत बानरदेवी, स्याहीदेवी, कसारदेवी, मानिला देवी मंदिर में नित्य पूजा के बाद दिन भर श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा। नगर के अनेक इलाकों में घरों में सुंदर कांड समेत भजन कीर्तनों का आयोजन भी किया गया।

बाड़ेछीना पॉलिटेक्निक में नहीं खुले नए ट्रेड

अल्मोड़ा : जिले के बाड़ेछीना कस्बे में दस साल पहले शहीद मेजर कमलेश पांडे के नाम से एक राजकीय पॉलिटेक्निक की स्थापना की गई। स्थापना से आज तक इस संस्थान में महज इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ट्रेड ही संचालित हो रहे हैं। क्षेत्र के युवा और उनके अभिभावक कई बार तकनीकी शिक्षा विभाग से यहां सिविल, कंप्यूटर साइंस, डी फार्मा, ऑफिस मैनेजमेंट सहित अन्य उपयोगी ट्रेड संचालित करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन युवाओं की मांग पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर संस्थान के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश आर्या का कहना है कि नए ट्रेड संचालित करने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। इस संबंध में निदेशालय स्तर से ही कार्रवाई संभव है।

सड़क न बनने से आक्रोश

देवलथल क्षेत्र के ग्रामीणों ने दी चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सीमांत जिले पिथौरागढ़ के देवलथल क्षेत्र में लंबे समय से क्षतिग्रस्त धुरौली-काणा मोटर मार्ग की मरम्मत न होने से स्थानीय ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। रविवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मार्ग का निर्माण न होने पर चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दे डाली।

रविवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्रामीण धुरौली गांव में एकत्र हुए। उन्होंने इस मार्ग का सुध न लिए जाने पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि धुरौली-काणा सड़क मार्ग पर चमू बैंड के पास सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी। ग्रामीणों ने इस सड़क के सुधारीकरण के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई। लेकिन मार्ग का सुधारीकरण नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने कहा कि मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से गांव में एंबुलेंस और रसोई गैस व अन्य वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि मार्ग पर दोपहिया वाहनों से भी आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है। कई बार की शिकायतों के बाद प्रशासन उनकी समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इस मार्ग के सुधारीकरण की कार्रवाई तीन दिनों में नहीं की गई तो लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। यहां ग्रामीण दीवान सिंह, मदन सिंह, रघु सिंह, कैलाश सिंह, भूपेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, कुंदन सिंह, नीरज सिंह, भगवान सिंह, ज्ञान सिंह, दिनेश सिंह, ध्यान सिंह, शकर सिंह रहे।

पिथौरागढ़ के धुरौली गांव में नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान

अल्मोड़ा : रविवार को अल्मोड़ा नगर के कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति ठप रही। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पीने के पानी के लिए लोगों ने नगर के नौलों धारों का सहारा लिया।

नगर को पानी मुहैया कराने के लिए वर्षों पूर्व कोसी से मटेला पंपिंग योजना की लाइन बिछाई गई थी। जो अब जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिस कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जल संस्थान ने रविवार को लीकेज दूर करने के लिए मटेला पंप हाउस से एडम्स जलाशय को पानी की आपूर्ति करने वाली लाइन में मरम्मत का कार्य किया। इस कार्य के चलते रविवार को पंपिंग का कार्य नहीं हो सका। जिस कारण नगर के धारानौला, खोल्टा, नियाजगंज, लाला बाजार, जाखनदेवी समेत नगर के अनेक मोहल्लों में रविवार को पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी।

नदी में नहाने के लिए उतरे सैनिक की डूबने से मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र में हुआ हादसा

अमृत विचार : जिले के अस्कोट क्षेत्र में सेना के एक जवान की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि जवान अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। जहां यह हादसा हो गया। परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम के बाद जवान का अंतिम संस्कार कर दिया है।

राहुल। (फाइल फोटो)

अस्कोट निवासी 23 वर्षीय राहुल धामी 12 कुमाऊं रेजीमेंट में कार्यरत था। इन दिनों उसकी तैनाती पटियाला में थी। कुछ दिनों पहले वह छुट्टी लेकर अपने गांव आया था। शनिवार दोपहर बाद राहुल धामी अपने कुछ दोस्तों के साथ नहाने के लिए चर्मा नदी की ओर गया। नदी में नहाते वक्त अचानक राहुल डूबने लगा। उसके साथियों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की। लेकिन वह नाकाम रहे। आनन फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद अस्कोट के थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम और पानागढ़ से एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ के जवानों ने चर्मा नदी में रेस्क्यू शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद राहुल को नदी से बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीडीहाट ले जाया गया। लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कल 6 बजे सील होगी भारत- नेपाल सीमा

अल्मोड़ा : जिला निर्वाचन अधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तराखंड राज्य की पांच सीटों पर 19 अप्रैल को लोकसभा के लिए मतदान कराया जाना है।

उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु निर्धारित मतदान तिथि को दृष्टिगत रखते हुए सोलह अप्रैल की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्त होने तक जनपद पिथौरागढ़ से लगी भारत नेपाल सीमा को पूरी तरह सील कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

धूमधाम से मनाया बाबा साहेब आंबेडकर का जन्मदिन

बागेश्वर में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर का जन्म दिन जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बाबा अंबेडकर के चित्र में माल्यार्पण किया गया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला ने कहा कि बाबा साहेब ने दबे-कुचले लोगों को सम्मान देने के साथ ही देश का महान संविधान लिखा। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, कुंदन गिरी, मनमोहन जोशो, रूप राम, जीसी टम्टा आदि रहे। इधर जिला पंचायत परिसर में हुए कार्यक्रम में बाबा साहेब को याद किया गया। यहां संजय साह जगाती, जीसी टम्टा, नंद किशोर, ललित भारती आदि रहे। उधर गरूड़ में कोट भ्रामरी मार्ग पर स्थापित आंबेडकर मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। यहां भरत फर्स्वाण, दीपक सिंह, संजय फर्स्वाण, हरीश राम, प्रकाश राम रहे।

बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

रानीखेत : स्थानीय अंबेडकर पार्क के सभागार में बाबा साहेब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। वक्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों को आगे बढ़ाने की संकल्प लिया। इस अवसर पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों की कला प्रतियोगिता की आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसी आर्य व संचालन दिनेश टम्टा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीआर आर्य, लक्ष्मी आर्य, दीपा आर्य, रीतिका आर्या, राजेश कुमार, पीसी आर्य, इंद्र लाल टम्टा आदि ने विचार रखे।

जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

टनकपुर : रविवार को संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर उन्हें याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर समाजसेवी अनिल चौधरी पिंकी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने लाल इमली पड़ाव वार्ड नंबर 7 आंबेडकर पार्क में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अनिल चौधरी ने कहा कि आंबेडकर ने कलम की ताकत बताई। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। माल्यार्पण कार्यक्रम में राकेश कुमार वाल्मीकि, गोपाल बिष्ट, चर्चित शर्मा, सुरजीत सक्सेना, विशाल नेगी, रजत सिंह आदि रहे।

नवरात्र पर मां पूर्णागिरि धाम में उमड़ रहे श्रद्धालु

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंच रहे हैं। पिछले दो दिनों में सरकारी अवकाश होने के कारण मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न क्षेत्रों से दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं दूसरी ओर नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं।

यहां भी भीड़ भाड़ का आलम यह है कि श्रद्धालुओं को लंबी कतार में खड़े होकर दर्शन का इंतजार करना पड़ रहा है। यहां दोनों स्थानों पर भारत से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के भी नेपाल पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े प्रबंध किए गए हैं। इधर ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ने बताया कि भारत और नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति द्वारा सुरक्षा के साथ-साथ पानी, बिजली, धर्मशाला, सफाई आदि बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। इस समय नेपाल के बाजारों में खासी रौनक बनी हुई है। साथ ही इस समय चैत्र नवरात्र में मां पूर्णागिरि धाम में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

नेपाल के ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

शहीद कार्मिकों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एनटीडी स्थित फायर स्टेशन में अग्निशमन सेवा दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में एसएसपी देवेंद्र पींचा और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीएफओ नरेंद्र कुंवर व प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र की मौजूदगी में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान दें थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर नगर क्षेत्र में रवाना किया।

अल्मोड़ा में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देते एसएसपी देवेंद्र पींचा।

बागेश्वर: रविवार को अग्निशमन सेवा दिवस के मौके पर फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा सप्ताह का आरंभ हुआ। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान स्मृति परेड में वीर जवानों के नाम पढ़कर सुनाए गए तथा बलिदानियों को पुष्पचक्र तथा पुष्प अर्पित किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने अग्निसुरक्षा जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत, गणेश चंद्र, त्रिलोक राम, नवीन जोशी, सोहन लाल आदि रहे।

इंडिया उम्मीदवारों को समर्थन का ऐलान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : भाकपा माले इन लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड में इंडिया गठबंधन के समर्थित सभी पांचों उम्मीदवारों को पूरी ताकत के साथ अपना समर्थन देगी। ताकि केंद्र में बैठी तानाशाही मोदी सरकार को जड़ से उखाड़ कर लोकतांत्रिक तरीके से देश के विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

यह बात भाकपा माले के राज्य सचिव कामरेड इंद्रेश मैखुरी ने रविवार को अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि एक दशक से सत्तासीन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बाबा साहेब के संविधान और उसकी बुनियाद पर खड़े लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बन गई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के नाम पर सत्ता में आई मोदी सरकार आज सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी और अवैध वसूली करने वाली सरकार सिद्ध हुई है। इलेक्ट्रोरल बांड के लेनदेन का जो आंकड़ा सामने आया है, उससे साफ है कि इसकी सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा रही है। मैखुरी ने कहा कि मोदी सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी को बढ़ावा देने, अग्निवीर योजना से फौज को अस्थाई करने का काम ही नहीं किया। बल्कि पहाड़ को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बेटी बचाओ का नारा दिया, लेकिन आज महिलाएं असुरक्षित हैं।

वर्ग पहेली-40

बाएं से दाएं

1. बजता
4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।
5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।
6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।
8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

ऊपर से नीचे

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।
2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।
3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।
5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है
7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।



वर्ग पहेली -39 का हल

			1 दो	चं	2 द	
3 ए	ल	ब	4 म		हा	
			5 हा	ई	फा	ई
	6 दु		ब			
7 अ	ल	क	ली		8 ना	
	दु				मि	
9 का	ल	को	ठ	री		क

सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2			4		
	7			1	6			5
			5					3
		5				9		
	3	7				2	4	
1		4				6		
7			3		5		9	
2			1	4			7	
		6			9		8	

सुडोकू -118 का हल

3	8	4	7	2	5	6	9	1
6	5	2	1	3	9	4	7	8
9	7	1	4	6	8	5	3	2
4	6	7	3	5	1	8	2	9
8	3	9	2	4	7	1	6	5
1	2	5	9	8	6	7	4	3
5	4	8	6	9	2	3	1	7
7	9	3	8	1	4	2	5	6
2	1	6	5	7	3	9	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

वृष — आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

मिथुन — आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

कर्क — आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

सिंह — आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

कन्या — आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

तुला — आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

धनु — आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मकर — आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

कुंभ — आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

मीन — आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12.00
- एक और एक ग्यारह — रात : 07.01
- रोबोट — सुबह : 10.56

&pictures
- रमन राघव 2.0 — रात : 08.00

SONY PIX
- 2012 — सुबह : 11.23
- टैक्सी ड्राइवर — रात : 07.55

ZEE CINEMA
- दिल मांगे मोर — सुबह : 09.50
- हैपी फिर भाग जाएगी — रात : 10.30

StarGold SELECT
- हीरो — सुबह : 11.00
- अय्यारी — शाम : 06.15

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्जों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर

अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर

व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

> आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

प्रसंगवश

जिंदगियां बदलता मोबाइल

संजय वर्मा
इंदौर

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए।

इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

बरी-बरी में नौन

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

सोशल फोरम

दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

सनातन परंपरा की झलकियां

डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।

मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

2009 में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

1991 में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते

सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

2004 में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण

40% मुस्लिम	13 % जाटव	08 % राजपूत
07 % जाट	05 % सैनी	05 % गुर्जर
22 % अन्य		

तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
बसपा	दानिश अली	6,01,082	51.41
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,37,834	46.01
कांग्रेस	सचिन अग्रवाल	12,150	1.75

2014 का परिणांम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,28,880	48.26
सपा	हुमेरा अख्तर	3,70, 066	33.82
बसपा	फरहत हसन	1,62,983	14.87
रालोद	राकेश टिकैत	9,540	0.87

हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

भोपाल- सिहोर संसदीय सीट

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

चंडीगढ़। चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम, महरौली, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

एक नजर

द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

बिलासपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत न हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।

विषाक्तता से एक की मौत, 75 बीमार

चंद्रपुर। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में रविवार को विषाक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 75 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना चैत्र नवरात्रि महोत्सव से एक दिन पहले एक काली मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान शनिवार शाम को 400 से अधिक लोगों के प्रसाद खाने के बाद हुई। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोग अस्वस्थ महसूस करने लगे और 79 लोग आधी रात को वरोरा अस्पताल पहुंचे। छह लोगों की हालत गंभीर थी और उन्हें चंद्रपुर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें से गुरुफेम यादव की मौत हो गई। अन्य मरीजों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

हाथी के हमले में महिला की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर, एजेंसी

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

- इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुईं प्रभावित

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।

सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर व्रिकम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

कोलकाता, एजेंसी

- तृणमूल का दावा अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोकने की दी धमकी

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए के डीजी और एसपी को हटाने के बजाय निर्वाचन आयोग और भाजपा ने आज मेरे हेलीकॉप्टर और सुरक्षाकर्मियों की तलाशी के लिए आयकर विभाग के गुर्गों को तैनात करने का फैसला किया। कारण पूछने पर अधिकारी बहस करने लगे और हिरासत हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोक लेने की धमकी दी।

संविधान खत्म करने के लिए व्यवस्थित अभियान चला रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बाबासाहेब बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करने के लिए एक व्यवस्थित अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव आंबेडकर की इस शानदार उपलब्धि को संरक्षित करने से जुड़ा है। रविवार को अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हमारा देश बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. बी. आर आंबेडकर की जयंती वैसे वक्त में मना रहा है, जब संविधान को खत्म करने की आवाजें तेज होने लगी हैं। यह निस्संदेह उस व्यवस्थित अभियान का हिस्सा है जिसे कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चलाया है। रणनीति सरल है लेकिन पाखंड से भरी है, उस विरासत को कायम रखने का दिखावा करते रहना।

झुंझुनूं में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी

झुंझुनूं। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस बल के करीब 5200 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने रविवार को बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर विधानसभा में चार सुपरवाइजर अधिकारी जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तीन डीवाईएसपी, इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 1956 पुलिस कार्मिक, तीन कंपनी आरएससी, नौ कंपनी सीएपीएफ, 1015 होमगार्ड तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 क्यूआरटी होगी, प्रत्येक क्यूआरटी में सीएपीएफ का जत्ता होगा।

इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी

- कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।

परंपरा और आस्था का सैलाब



बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्तावलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

हिमाचल में बर्फबारी से गुलजार हुई पहाड़ियां, ऑरेंज अलर्ट जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में 'ऑरेंज अलर्ट' के बीच शनिवार को कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर हिमपात से माहौल गुलजार हो गया है। वहीं, राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने के साथ धूप खिलने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर बादल बरसने के आसार हैं। रविवार को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश के 12 क्षेत्रों में शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार रहा। शिमला में दोपहर के समय घने बादल छा जाने से बारिश के आसार बने, लेकिन हवाएं चलने से कुछ देर बाद मौसम सुहाना हो गया। वीकेंड पर बर्फ के दीदार को सैलानी गुलाबा और सिस्सू पहुंचे। शुक्रवार रात को नाहन में न्यूनतम तापमान 19.1, धर्मशाला में 18.1, ऊना में 14.2, हमीरपुर में 14.1, बिलासपुर में 13.9, चंबा में 12.9, शिमला में 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

भीलवाड़ा में नकली नोट बरामद, दो पकड़े

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाडा के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने जाली नोटों का असल में प्रयोग करने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार कर एक लाख 88 हजार 600 रुपये के जाली नोट भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को डीएसटी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति खुद को छिपाते हुये घूम रहे हैं, जिनके पास नकली नोट होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस कलेक्ट्री के पीछे पहुंची, जहां दो व्यक्ति आते दिखे। संदिग्ध होने से दोनों को पुलिस ने रोका। पूछताछ में इन लोगों ने खुद को आकोदिया, ब्यावर निवासी निरंकुश वैष्णव 29 एवं निरंजन वैष्णव 29 बताया।

कारोबार

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 58-75 मसूरी- 40-45 बासमती- 95-100 दाल दलहन : काला चना- 68-70 साबुत चना दाल- 50-75 मूंग साबुत- 110-115 राजमा- 110-130 दाल उड़द- 105-110 साबुत मसूर दाल- 68-75 मसूर दाल- 80-85 उड़द साबुत- 115-120 काबुली चना- 95-125 अरहर दाल- 135-145 लोबिया/करमानी- 100-110 सोयाबीन- 57 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 65 मक्का- 21।

नोट : दाम प्रति किग्रा. में

18.48 गीगावाट जोड़ी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता

नई दिल्ली। भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विशलेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की

निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

नई दिल्ली। रेस्तरां शृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

चेन्नई सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हराया

मुम्बई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना के 14 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया है।

रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी की चार गेंदों में 20 रनों की पारी पड़ी भारी। मुंबई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में ईशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया। ईशान किशन ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (23) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों में (31) रनों की पारी खेली। कप्तान हार्दिक पंड्या (2), मोहम्मद नबी (2) रन, टिम डेविड (13) रन, रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। रोहित ने 63 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4

रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी	05
रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल	21
ऋतुराज कैच नबी बोल्ड हार्दिक	69
शिवम दुबे नाबाद	66
मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक	17
एमएस धोनी नाबाद	20

अतिरिक्त : 8 रन कुल

गेंदबाजी : मोहम्मद नबी 3-0-19-0, कोएत्जी 4-0-35-1, बुमराह 4-0-27-0, आकाश 3-0-37-0, श्रेयस गोपाल 1-0-9-1, हार्दिक 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0

मुंबई इंडियन्स : 186/6

रोहित शर्मा नाबाद	105
ईशान का शारदुल बो पथिराना	23
सूर्यकुमार का मुस्तफिजुर बो पथिराना	00
तिलक का शारदुल बो पथिराना	31
हार्दिक का जडेजा बो देशपांडे	02
डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर	13
रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना	01
मोहम्मद नबी नाबाद	04

अतिरिक्त : 07, **गेंदबाजी** : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0

शिवम दुबे
ऋतुराज गायकवाड़

खेल डायरी

अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

सितसिपास ने तीसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता

मोनाको। स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैम्पियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, "मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।''

इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

कैंसास सिटी। करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

नयी दिल्ली। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्लोफिलन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा-अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य

बिश्केक। भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमशः महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते। वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी। किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। सोमवार को ग्रीको-रोमन 55 किग्रा, 63 किग्रा, 77 किग्रा, 87 किग्रा, 130 किग्रा में पुरुष पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके

फिल सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 161/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव	10	08	2/0
केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल	39	27	3/2
दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क	08	10	1/0
आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन	29	27	2/1
स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती	10	05	2/1
निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क	45	32	2/4
कृणाल पंड्या नाबाद	07	08	0/0
अरशद खान बोल्ड स्टार्क	05	04	1/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

कोलकाता 162/2

15.4 ओवर, अतिरिक्त : 22

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट नाबाद	89	47	14/3
सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन	06	06	1/0
अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन	07	06	0/1
श्रेयस अय्यर नाबाद	38	38	6/0

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0

आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

बेंगलुरु, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

श्रद्धा कपूर की हमशक्ल पर टिकीं फैंस की नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग में केवल फैंस ही नहीं बल्कि बॉलीवुड सेलेब्स भी शिरकत कर रहे हैं. लेकिन हाल ही में एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें श्रद्धा कपूर जैसी दिखने वाली लड़की की झलक देखने को मिली।

हैरानी की बात यह है कि वही स्माइल और हूबहू लुक को देख खुद तू झूठी मैं मक्कार एक्ट्रेस भी रिएक्शन दिए बिना नहीं रह पाई और एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर दी। दरअसल, वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच के दौरान कैमरामैन ने स्टैंड्स के तरफ जब कैमरा घुमाया तो एक लड़की पर फोकस किया।

क्लिप में श्रद्धा कपूर की तरह दिखने वाली लड़की के नैन नक्श हूबहू एक्ट्रेस की तरह नजर आए। इसके बाद जैसे ही वीडियो और खबरें वायरल हुई तो एक्ट्रेस ने एक न्यूज का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें लड़की का फेस साफ दिख रहा था। वहीं स्टोरी पर कैप्शन दिया अरे मैं ही तो हूं और एक हंसने वाली इमोजी शेयर की। बैकग्राउंड में मैं हूं ना फिल्म का टाइटल ट्रैक सुनने को मिला।

बॉलीवुड हलचल

शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख रुपये का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, "सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।" उन्होंने आगे कहा, "उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। बाली ने आगे कहा, "आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।

आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4.5 लाख से 5.25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

डीआरडीओ ने किया विकसित

अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

एक नजर

कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।

पेट्रोल पंप पर रोबोट भर रहे तेल

बीजिंग। चीन के जियांग्सू के पेट्रो चाइना हुआकियाओ शहर में पेट्रोल पंप पर अब रोबोट काम कर रहे हैं। ये रोबोट ना सिर्फ ईंधन भरते हैं, बल्कि पेमेंट भी लेते हैं। एआई से चलने वाले ये रोबोट गाड़ियों में आने वाली किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कतें भी दूर कर सकते हैं।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

तोराजा। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।

व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

ओटावा, एजेंसी

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

गर्मी में देशभर के स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेगा मुफ्त पानी

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्रालय ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए देशभर में सभी जोनों को स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का पानी मुफ्त उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है। रेलवे बोर्ड ने कहा कि पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए टैंकरों को तैनात किया जाएगा। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

साथ ही रेलवे बोर्ड ने गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल के वितरण के लिए विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के डिब्बों के पास महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूह), एनजीओ, स्काउट और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सक्रिय रूप से सहयोग लेने को कहा है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा- उपलब्ध वाटर कूलर्स की स्थिति और नलों में पानी की उपलब्धता पर रोजाना रिपोर्टिंग के जरिए सघन निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। रेलवे बोर्ड ने सभी कैटरिंग स्टॉल और यूनिट्स को पानी बोतल की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंडल के स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर वेडिंग मशीन कांट्रेक्टर को भी मशीन के निर्बाध संचालन के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

बांध खुद प्यासा...

कोटा : पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। हालात ये हैं, इसकी तलहटी बूंद-बूंद के लिए तरस रही है। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

रूपनगर। पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

पहल सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

भारत ने नेपाल को उपहार में दीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

काठमांडू। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं।

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

ब्रिटेन: 70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा

- कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड समेत प्रतिष्ठित विवि ने सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई, 20 हजार भारतीयों को मिलेगा प्रवेश

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा

हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।